जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी. बी. सी. : TDMN-A-ASO

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या 1454278

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र – I

**B**

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 200*

### अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा।

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. जलवायु परिवर्तन पर भारत की अनुक्रिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. भारत की दीर्घकालिक निम्न उत्सर्जन विकास रणनीति (LT-LEDS), वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिए एक निर्णायक साधन है।

II. दिसंबर, 2024 में प्रस्तुत की गई भारत की चौथी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (BUR-4) में 2019 की तुलना में 2020 में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों में लगभग 8% कमी दर्ज की गई।

III. जलवायु-अनुकूल (क्लाइमेट-रेज़िलिएन्ट) विकास अनिवार्य रूप से उत्सर्जन न्यूनीकरण लक्ष्यों की त्वरित और अल्प-कालिक उपलब्धि पर निर्भर है।

उपर्युक्त कथनों के बीच के संबंधों में से निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

1. कथन I, कथन II द्वारा आनुभविक रूप से समर्थित है।
2. कथन III, कथन I में निहित दृष्टिकोण का खंडन करता है।
3. कथन I और कथन III सम्मिलित रूप से दीर्घकालिक स्थिरता (sustainability) की आधारिका (premise) को स्थापित करते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

2. वेस्टर्न हूलॉक गिबनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. पूर्वोत्तर भारत में एक अभयारण्य इस वानर जाति (species) का घर है जिसे अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आई.यू.सी.एन.) की लाल सूची में लुप्तप्राय (Endangered) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
2. उनके पास विशिष्ट बाहुगमन (ब्रैकिएशन) की क्षमता है और वे आसानी से पेड़ों के बीच झूल सकते हैं।
3. गोरिला की भाँति, वे मज़बूत और स्थूलकाय होते हैं, तथापि वे असाधारण रूप से फुर्तीले वृक्षारोही हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

3. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, जलवायु अनुकूलन (climate resilience) के संदर्भ में गरान (मैंग्रोव) पारिस्थितिकी तंत्रों के संरक्षण हेतु तर्काधार की सर्वोत्तम व्याख्या करता है/करते हैं ?

1. गरान ज्वारीय ऊर्जा को कम करते हैं और अलवणजल का संचयन करते हैं, जो उन्हें लवणीय ज्वारनदमुखी कटिबंधों में धान की खेती के लिए आदर्श स्थल बनाते हैं।
2. उनकी लवण-संवेदी जड़ें समुद्रीजल को छानती हैं, इस प्रकार तटीय भूमि को अलवण जलीय कृषि (एक्वाकल्चर) क्षेत्रों में परिवर्तित करने में गरानों की मुख्य भूमिका होती है।
3. ज्वारीय लहरों (टाइडल सर्जेस) को सहन करने तथा जैवमात्रा (बायोमास) संसाधनों को उपलब्ध करवाने के माध्यम से, गरान प्राकृतिक जैव-ढाल (बायोशील्ड) और ग्रामीण समुदायों के लिए जीविका के आधार, दोनों रूपों में कार्य करते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

GEO IAS It's about quality

1. Consider the following statements with reference to India's response to climate change :

I. India's Long-Term Low Emission Development Strategy (LT-LEDS) is a crucial tool for achieving net-zero emissions by 2070.

II. India's 4th Biennial Update Report (BUR-4) submitted in December, 2024 recorded around 8% decrease in Greenhouse gas emissions in 2020 over 2019.

III. Climate-resilient development necessarily depends on quick and short-term achievement of emission reduction targets.

Which of the following relationships among the above statements is/are correct ?

1. Statement I is empirically supported by statement II.
2. Statement III contradicts the approach implicit in statement I.
3. Statement I and statement III together establish the premise of long-term sustainability.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 and 3
(d) 3 only

2. With respect to the Western Hoolock Gibbons, which of the following statements is/are correct ?

1. A Sanctuary in North-east India is home to this ape species listed as Endangered in the International Union for Conservation of Nature (IUCN) Red List.
2. They have specialized brachiation and can easily swing between trees.
3. They possess a strong and heavy build like gorillas, yet are remarkably agile tree climbers.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 and 3
(d) 3 only

3. Which of the following best explain(s) the rationale for protecting mangrove ecosystems in the context of climate resilience ?

1. Mangroves reduce tidal energy and store freshwater, making them ideal sites for paddy cultivation in saline estuarine belts.
2. Their salt-sensitive roots filter seawater, making mangroves key to converting coastal land into freshwater aquaculture zones.
3. By withstanding tidal surges and offering biomass resources, mangroves function both as natural bio-shields and livelihood bases for rural communities.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 and 3
(d) 3 only

4. विझिनजाम अंतर्राष्ट्रीय समुद्री पत्तन, भारत के समुद्री व्यापार और संभार तंत्र (लॉजिस्टिक्स) नीति में संरचनात्मक परिवर्तन को किस रूप/किन रूपों में निरूपित करता है ?

1. तटीय पोत परिवहन पर निर्भरता को कम करने और विदेशी सहयोग की आवश्यकता को समाप्त करने के लिए केवल एक घरेलू कार्गो केंद्र के रूप में कार्य करना।
2. मुख्यत: यात्री क्रूज पर्यटन और विरासत पोत परिवहन पर केंद्रित करते हुए एक समुद्री विरासत गंतव्य के रूप में केरल की पहचान (प्रोफाइल) को बढ़ाना।
3. अपनी प्राकृतिक गहराई (डीप ड्राफ्ट) और रणनीतिक अवस्थान का लाभ उठाते हुए विदेशी यानांतरण (ट्रांस-शिपमेंट) पत्तनों पर निर्भरता को कम करना, राजस्व बनाए रखने को बढ़ाना, और क्षेत्रीय समुद्री व्यापार में भारत को पुन: स्थापित करना।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

5. निम्नलिखित सूचना के आधार पर भारतीय उप-महाद्वीप की नदी को पहचानिए :

1. इसका एक पूर्ववर्ती अपवाह तंत्र है।
2. यह तीन देशों में से होकर बहती है।
3. इसका उद्गम तिब्बत के पठार में होता है और यह सिंचाई के लिए महत्त्वपूर्ण नदी है।
4. इसकी कोई वितरिका नहीं है।

निम्नलिखित में से उत्तर चुनिए :

(a) ब्रह्मपुत्र

(b) सिंधु

(c) सतलुज

(d) तीस्ता

6. भारतीय राज्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

1. उत्तर प्रदेश सबसे अधिक संख्या में अन्य भारतीय राज्यों के साथ अपनी सीमा साझा करता है।
2. सभी भारतीय राज्यों में से राजस्थान सबसे लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है।
3. सिक्किम एकमात्र राज्य है जो केवल एक अन्य भारतीय राज्य के साथ अपनी सीमा साझा करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

7. मंगोलिया से प्रत्येक वर्ष नागालैंड के दोयंग झील में अमूर बाज़ों (Amur Falcons) के आगमन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह दर्शाता है कि कैसे निरंतर स्थानीय संरक्षण प्रयास अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी पक्षियों के आगमन और संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।
2. यह उन उन्नत ट्रैकिंग प्रौद्योगिकियों की वैश्विक सफलता को दर्शाता है जो प्रवासी पक्षियों को अपने प्रवास स्थल (स्टॉपओवर साइट) पर वापस जाने का मार्ग दिखाती हैं।
3. यह पुष्टि करता है कि अमूर बाज़ों ने अनुकूल आवास संबंधी परिवर्तनों के कारण भारत को स्थायी निवास स्थल (रेजिडेन्सी) के रूप में अपना लिया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

4. In what way(s) does the Vizhinjam International Seaport represent a structural shift in India's maritime trade and logistics policy ?

1. By functioning exclusively as a domestic cargo hub to reduce reliance on coastal shipping and eliminate the need for foreign collaborations.
2. By focusing primarily on passenger cruise tourism and heritage shipping to increase Kerala's profile as a maritime heritage destination.
3. By leveraging its natural deep draft and strategic location to reduce dependence on foreign trans-shipment ports, enhance revenue retention, and reposition India in regional maritime trade.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 and 3
(d) 3 only

5. Identify the river of the Indian sub-continent on the basis of the following information :

1. It has an antecedent drainage system.
2. It flows through three countries.
3. It originates in the Tibetan Plateau and is an important river for irrigation.
4. It does not form distributaries.

Select the answer from the following :

(a) Brahmaputra
(b) Indus
(c) Sutlej
(d) Teesta

6. Which of the following with reference to Indian States is/are ***not*** correct ?

1. Uttar Pradesh shares its boundary with the highest number of other Indian States.
2. Rajasthan shares the longest international border among all Indian States.
3. Sikkim is the only State that shares its boundary with just one other Indian State.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 and 3
(d) 3 only

7. Which of the following statements with regard to the arrival of Amur Falcons at Doyang Lake in Nagaland each year from Mongolia is/are correct ?

1. It showcases how sustained local conservation efforts can contribute to the arrival and protection of international migratory birds.
2. It reflects the global success of advanced tracking technologies that guide migratory birds back to their stopover sites.
3. It confirms that Amur Falcons have adapted to permanent residency in India due to favourable habitat changes.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 and 3
(d) 3 only

8. राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (NMSA) के अंतर्गत वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (RAD) पहल का/के उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से है/हैं ?

1. वर्षा सिंचित क्षेत्रों में एकधान्य कृषि (मोनोकल्चर) को प्रोत्साहित करना
2. सिंचित क्षेत्रों में धान की खेती को बढ़ाना
3. एकीकृत कृषि प्रणालियों (IFS) के माध्यम से उत्पादकता को बढ़ाना और जलवायु संबंधी जोखिमों का न्यूनीकरण करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

9. वैश्विक वस्त्र उद्योग में एरी रेशम (सिल्क) के लिए ओको-टेक्स प्रमाणन (Oeko-Tex certification) प्राप्त करने का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तात्पर्य निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से है/हैं ?

1. यह भारतीय निर्यातकों को रसायनमुक्त उत्पादों को अधिक महत्त्व देने वाले उच्चस्तरीय बाज़ारों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देता है।
2. यह पुष्टि करता है कि एरी रेशम अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरणीय, और गुणवत्ता मानकों को पूरा करता है, जिससे प्रीमियम पर्यावरण-सचेतन बाज़ारों में इसे प्रवेश का अधिकार मिलता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

10. निम्नलिखित में से किन देशों से आने वाले जहाजों को हिंद महासागर तक पहुँचने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज) को पार करना होता है ?

1. बहरीन
2. सीरिया
3. क़तर
4. मिस्र

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) 2 और 3
(d) 3 और 4

11. तुंगुराहुआ ज्वालामुखी, जिसे वर्ष 2025 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा एक वैश्विक भू-उद्यान (ग्लोबल जियोपार्क) घोषित किया गया था, निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?

(a) इक्वाडोर
(b) पेरू
(c) बोलीविया
(d) कोलंबिया

12. माधव राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इसे वर्ष 2025 में भारत का बाघ अभयारण्य (टाइगर रिज़र्व) घोषित किया गया था।
2. साख्य सागर, जिसे रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है, इस राष्ट्रीय उद्यान के भीतर स्थित है।
3. इसका क्षेत्रफल मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच में साझा होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

8. Which among the following is/are the objective(s) of the Rainfed Area Development (RAD) initiative under the National Mission for Sustainable Agriculture (NMSA) ?

1. Encouraging monoculture in rainfed areas
2. Increasing rice cultivation in irrigated regions
3. Enhancing productivity and minimising climatic risks through Integrated Farming Systems (IFS)

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 and 3
(d) 3 only

9. Which of the following is/are the most significant implication(s) of obtaining Oeko-Tex certification for Eri Silk in the global textile industry ?

1. It allows Indian exporters to compete in high-end markets that prioritise chemical-free products.
2. It confirms that Eri Silk meets international safety, environmental, and quality standards, enabling its entry into premium eco-conscious markets.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

10. Ships from which of the following countries have to cross the Strait of Hormuz to reach out to the Indian Ocean ?

1. Bahrain
2. Syria
3. Qatar
4. Egypt

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 1 and 3
(c) 2 and 3
(d) 3 and 4

11. Tungurahua Volcano, which was declared a Global Geopark by UNESCO in 2025, is situated in which one among the following countries ?

(a) Ecuador
(b) Peru
(c) Bolivia
(d) Colombia

12. With reference to Madhav National Park, which of the following statements is/are correct ?

1. It was declared a Tiger Reserve in India in 2025.
2. Sakhya Sagar, which is designated as a Ramsar Site, is situated within this National Park.
3. Its area is shared between Madhya Pradesh and Rajasthan.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 and 3
(d) 3 only



GEO IAS It's about quality

13. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की जलवायु के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इस जलवायु को आर्द्र, उष्णकटिबंधीय तटीय जलवायु के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।
2. यहाँ दक्षिण-पश्चिम मानसून और उत्तर-पूर्वी मानसून, दोनों से वर्षा होती है।
3. दिसंबर और मई के बीच में अधिकतम वर्षण होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

14. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से भौगोलिक लक्षण अथवा परिघटना भारतीय प्रायद्वीपीय खंड से संबद्ध है/हैं ?

1. विवर्तनिक क्रियाओं के कारण पश्चिमी तट के भागों का जलमग्न होना
2. अवशिष्ट पर्वत श्रृंखलाएँ, जैसे, वेलीकोण्डा पहाड़ियों और महेंद्रगिरी पहाड़ियों की उपस्थिति
3. तेज़ बहाव वाली नदियों द्वारा गहरी, V-आकार की नदी-घाटियों का निर्माण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

15. भारत सरकार के सागरमाला कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. सागरमाला कार्यक्रम का उद्देश्य लागत-प्रभावी और संधारणीय तटीय अवसंरचना के माध्यम से पत्तन-आधारित आर्थिक विकास को प्राप्त करना है।

II. सागरमाला कार्यक्रम की सफलता वैश्विक पत्तन रैंकिंग में सुधार के साथ ही तटीय और अंतर्देशीय जलमार्गीय पोत परिवहन में हुई महत्त्वपूर्ण वृद्धि में परिलक्षित होती है।

III. सागरमाला 2.0 का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 की भविष्य-दृष्टि (विज़न) के अनुरूप एक वैश्विक समुद्री नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

उपर्युक्त कथनों के बीच में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से संबंध सही है/हैं ?

1. कथन II, कथन I में परिकल्पित रणनीतियों की प्रभाविता को अभिपुष्ट करता है।
2. कथन III, कथन I के लक्ष्यों को भविष्य-उन्मुखी नवाचार ढाँचे में अंत:स्थापित करने के माध्यम से उन्हें विस्तारित करता है।
3. आधुनिक नवाचार के स्थान पर केवल पारंपरिक अवसंरचना पर केंद्रित होने के कारण कथन I, कथन III का खंडन करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

13. With reference to the climate of Andaman and Nicobar Islands, which of the following statements is/are correct ?

1. The climate can be defined as a humid, tropical coastal climate.
2. It receives rainfall from both South-west monsoon and North-east monsoon.
3. Maximum precipitation is between December and May.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 3 only

14. Which of the following geographical features or phenomena is/are associated with the Peninsular Block of India ?

1. Submergence of parts of the western coast due to tectonic activity
2. Presence of residual mountain ranges such as the Veliconda hills and Mahendragiri hills
3. Deep, V-shaped river valleys formed by fast-flowing rivers

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 3 only

15. Consider the following statements with reference to the Sagarmala Programme of the Government of India :

I. The Sagarmala Programme seeks to achieve port-led economic growth through cost-effective and sustainable coastal infrastructure.

II. The success of the Sagarmala Programme is reflected in significant growth in coastal and inland waterway shipping, along with improved global port rankings.

III. Sagarmala 2.0 aims to position India as a global maritime innovation hub aligned with Atmanirbhar Bharat and Viksit Bharat 2047 visions.

Which of the following relationships among the above statements is/are correct ?

1. Statement II validates the effectiveness of the strategies envisioned in statement I.
2. Statement III extends the objectives of statement I by embedding them into a future-oriented innovation framework.
3. Statement I contradicts statement III by focusing only on traditional infrastructure instead of modern innovation.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 3 only

16. *रिन्कोस्टाइलिस रेटूसा* (फॉक्सटेल ऑर्किड) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह एक अधिपादपीय ऑर्किड है।
2. यह पूर्वोत्तर भारत की स्थानिक जाति (स्पीशीज़) है।
3. यह अरुणाचल प्रदेश और असम का राज्य पुष्प है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

17. ताई-अहोम राज्य द्वारा निर्मित और यूनेस्को (UNESCO) द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में सम्मिलित, मोइदामों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. वे सैन्य दुर्ग के रूप में कार्य करते थे।
2. वे राजवंशियों (रॉयल) और अभिजातों (नोबल) के मनोरंजन केंद्र (recreation centre) थे।
3. वे राजवंशियों (रॉयल) और अभिजातों (नोबल) के समाधी स्थल (burial ground) थे।
4. वे राजवंशियों (रॉयल) और अभिजातों (नोबल) के युद्धाभ्यास केंद्र (battle drill centres) थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1 और 3

(c) केवल 3

(d) 2 और 4

18. फ्रांस में जून, 2025 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन (UNOC) में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) ने समुद्री और महासागरीय मुद्दों, विशेष रूप से समुत्थानशील आजीविका और ''ब्लू ट्रांसफॉर्मेशन'' हेतु संधारणीय मत्स्यपालन और जलकृषि पर सशक्त विचार व्यक्त किए।

खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा ''ब्लू ट्रांसफॉर्मेशन'' के लिए प्रस्तावित ''बेहतर चार (Four Betters)'' के बारे में निम्नलिखित संयोजनों में से कौन-सा सही है ?

(a) बेहतर उत्पादन, बेहतर पोषण, बेहतर पर्यावरण और बेहतर महासागर

(b) बेहतर उत्पादन, बेहतर पोषण, बेहतर पर्यावरण और बेहतर जीवन

(c) बेहतर प्रवाल भित्ति, बेहतर पोषण, बेहतर पर्यावरण और बेहतर जीवन

(d) बेहतर ज्वारनदमुख, बेहतर पोषण, बेहतर पर्यावरण और बेहतर गरान (मैंग्रोव) वनस्पति

19. तुर्काना झील के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह विश्व की सबसे बड़ी मरुस्थलीय झील है।
2. यह झील दक्षिण सूडान में सहारा मरुस्थल के पूर्वी सीमांत के साथ-साथ स्थित है।
3. यह झील यूनेस्को (UNESCO) के विश्व धरोहर स्थल के रूप में सूचीबद्ध है और इसे 'जेड सागर (Jade Sea)' के रूप में भी जाना जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

20. निम्नलिखित में से कौन-सी, भारत में प्रथम प्लान वीवो (Vivo) प्रमाणित वनोन्मूलन और वन निम्नीकरण से होने वाले उत्सर्जन का न्यूनीकरण (REDD+) परियोजना है ?

(a) उत्तराखंड REDD+ परियोजना

(b) उत्तर-पूर्वी हिमालय में ICFRE-ICIMOD सीमापारीय (ट्रांसबाउंड्री) REDD+ परियोजना

(c) खासी पहाड़ी समुदाय REDD+ परियोजना

(d) सिक्किम मामले कामरंग (Sikkim Mamley Kamrang) समुदाय REDD+ परियोजना

16. Consider the following statements about *Rhynchostylis retusa* (Foxtail orchid) :

1. It is an epiphytic orchid.
2. The species is endemic to North-east India.
3. It is the State flower of Arunachal Pradesh and Assam.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 1 and 3
(c) 2 and 3
(d) 3 only

17. Which one of the following statements with regard to the Moidams, built by the Tai-Ahom kingdom and inscribed as a World Heritage Site by UNESCO, is/are correct ?

1. They acted as army fortresses.
2. They were recreation centres of the Royals and Nobles.
3. They were burial grounds of the Royals and Nobles.
4. They were battle drill centres of the Royals and Nobles.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3
(c) 3 only
(d) 2 and 4

18. At the United Nations Ocean Conference (UNOC) held in June, 2025 in France, the Food and Agricultural Organization (FAO) of the United Nations demonstrated its leading voice on marine and ocean issues, especially on sustainable fisheries and aquaculture for resilient livelihood and "Blue Transformation".

Which of the following combinations about the "Four Betters" proposed by FAO for "Blue Transformation" is correct ?

(a) Better production, better nutrition, better environment and better ocean
(b) Better production, better nutrition, better environment and better life
(c) Better coral reefs, better nutrition, better environment and better life
(d) Better estuaries, better nutrition, better environment and better mangrove vegetation

19. Which of the following statements with reference to Lake Turkana is/are correct ?

1. It is the largest desert lake in the world.
2. The lake is situated in South Sudan along the eastern fringe of the Sahara desert.
3. The lake is listed as a UNESCO World Heritage Site and is also referred to as the 'Jade Sea'.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

20. Which one of the following is the first Plan Vivo certified Reducing Emissions from Deforestation and Forest Degradation (REDD+) project in India ?

(a) Uttarakhand REDD+ project
(b) ICFRE-ICIMOD Transboundary REDD+ project in North-Eastern Himalayas
(c) Khasi Hills Community REDD+ project
(d) Sikkim Mamley Kamrang Community REDD+ project

21. निम्नलिखित में से कर्नाटक संगीत के किस *राग* का हिन्दुस्तानी संगीत के *राग* बिलावल से मेल है ?

(a) नट भैरवी

(b) कामवर्धिनी

(c) हनुमतोड़ी

(d) धीर शंकराभरणम्

22. हिल्टन-यंग कमीशन (1926) द्वारा कृत्रिम रूप से निर्धारित की गई रुपए-स्टर्लिंग विनिमय दर को ब्रिटिश सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस कारण से अंगीकार किया गया था ?

(a) भारत से प्रेषित धन के प्रवाह में सहायता देने और भारत की ऋणपात्रता (creditworthiness) को बनाए रखने के लिए

(b) भारतीय आयातकों को समर्थन देने के लिए

(c) भारत से कपास उपज के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए

(d) स्वर्ण के सापेक्ष रुपए के मूल्यह्रास को रोकने के लिए

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. पाली ग्रंथों में, *कहापण*, *निक्खा*, *कन्स* और *काकणिका* जैसे सिक्कों के प्रथम स्पष्ट संदर्भ समाविष्ट हैं।

II. पाली ग्रंथों से प्राप्त साहित्यिक साक्ष्य की पुष्टि, अनेक स्थलों से प्राप्त आहत सिक्कों (punch-marked coins) के पुरातात्विक प्रमाण द्वारा होती है, इन सिक्कों में से अधिकांश चाँदी से बने हैं।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किनसे संबद्ध हैं ?

1. शहरी जीवन के उद्भव से

2. मुद्रा अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण से

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

24. निम्नलिखित में से किस मंदिर/किन मंदिरों में *नागर*-शैली के *शिखर* हैं ?

1. मालेगिट्टी शिवालय, बादामी

2. हुचिमल्लिगुड़ी मंदिर, ऐहोल

3. दशावतार मंदिर, देवगढ़

4. विरुपाक्ष मंदिर, पट्टदकल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 3 और 4

25. जैन धर्म में मान्यता-प्राप्त जीवन के अस्तित्व के चार मुख्य रूपों में, निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मिलित ***नहीं*** है ?

(a) *देव* (ईश्वर)

(b) *यक्ष* (अर्धदेव)

(c) *मनुष्य* (मानव)

(d) *तिर्यंच* (पशु और पादप)

26. बाघ गुफाओं में विद्यमान *हल्लिसालस्य* चित्र क्या प्रदर्शित करता है ?

(a) एक आनंदमय लोकनृत्य

(b) चिंतनशील मुद्रा में बुद्ध

(c) कैलाश पर शिव और पार्वती का चित्रण

(d) समुद्रमंथन (समुद्र का मंथन)

21. Which one of the following Carnatic music *ragas* is similar to *Raga* Bilawal in Hindustani music ?

(a) Nat Bhairavi

(b) Kamavardhini

(c) Hanumatodi

(d) Dheera Shankarabharanam

22. The artificially fixed rupee-sterling exchange rate prescribed by the Hilton-Young Commission (1926) was adopted by the British Government for which one of the following reasons ?

(a) Aiding the flow of remittances from India and maintaining India's creditworthiness

(b) Providing support to Indian importers

(c) Encouraging export of cotton produce from India

(d) Preventing depreciation of the Rupee in terms of gold

23. Consider the following statements :

I. Pali texts contain the first definite references to coins, e.g., *kahapana, nikkha, kamsa,* and *kakanika*.

II. The literary evidence from Pali texts is corroborated by archaeological evidence of punch-marked coins from many sites, most of them made of silver.

The above statements have been associated with which of the following ?

1. Emergence of urban life

2. Transition to money economy

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

24. Which of the following temples has/have a *Nagara*-style *shikhara* ?

1. Malegitti Shivalaya, Badami

2. Huchimalligudi Temple, Aihole

3. Dashavatara Temple, Deogarh

4. Virupaksha Temple, Pattadakal

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 3 only

(d) 3 and 4

25. Among the four main forms of existence of life recognized in Jainism, which one of the following is ***not*** included ?

(a) *Deva* (gods)

(b) *Yaksha* (demi-gods)

(c) *Manushya* (humans)

(d) *Tiryancha* (animals and plants)

26. The *Hallisalasya* painting in the Bagh Caves represents :

(a) A joyous folk dance

(b) Buddha in a meditative pose

(c) The depiction of Shiva and Parvati on Kailasha

(d) Samudramanthan (Churning of the Ocean)

27. भारत में स्थानीय-मान पद्धति (place-value system) के उपयोग से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में स्थानीय-मान पद्धति का सर्वप्रथम उत्कीर्ण-अभिलेखीय उपयोग गुजरात की मनकणी पट्टिकाओं (595 – 596 AD) में मिलता है।
2. नवीं शताब्दी में, संपूर्ण भारत में उत्कीर्ण लेखों में स्थानीय-मान सामान्य हो जाते हैं।
3. दक्षिण-पूर्व एशिया में संस्कृत के उत्कीर्ण लेखों में स्थानीय-मान सातवीं शताब्दी के प्रारंभ से ही मिलते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

28. हड़प्पा नगरों में पुरातात्विक खोजों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. घरों में तकली की प्रचुर उपलब्धता है किंतु चरखे अनुपलब्ध हैं।
II. अंशांकित बाट और मापन पैमानों की खोज हुई है।
III. अपेक्षाकृत रूप से विस्तृत प्रांगण के चारों ओर, अधिकतर पकी हुई ईंटों से निर्मित घर मिले हैं, जिनके अपने कुएँ हैं, स्नान करने के चबूतरे हैं, और बड़े कमरे हैं।

उपर्युक्त कथनों से निम्नलिखित में से कौन-से निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं ?

1. कथन I संकेत करता है कि कताई घर पर किया जाने वाला एक श्रम-साध्य कार्य था।
2. कथन II हड़प्पा के लोगों में वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार की ओर संकेत करता है।
3. कथन III साझी संपत्ति व्यवस्था के उद्भव की ओर संकेत करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

29. एका आंदोलन और बारदोली सत्याग्रह के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) एका आंदोलन आद्योपांत कांग्रेस द्वारा समर्थित एवं संगठित था, जबकि बारदोली सत्याग्रह आरंभ में कांग्रेस के प्रभाव से मुक्त था और केवल अंतिम चरण में कांग्रेस द्वारा समर्थित था।
(b) एका आंदोलन का नेतृत्व अवध के *तालुकदारों* द्वारा किया गया था, जबकि बारदोली सत्याग्रह भूमिहीन श्रमिकों का आंदोलन था।
(c) बारदोली सत्याग्रह भू-राजस्व की वृद्धि के विरुद्ध एक अभियान था, जबकि एका आंदोलन लगान (rent) की अत्यधिक वसूली के विरोध में था।
(d) एका आंदोलन वर्तमान उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मिर्ज़ापुर ज़िलों में केंद्रित था, जबकि बारदोली सत्याग्रह सौराष्ट्र में हुआ था।

30. ऋग्वेदिक काल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. कूपों से की जाने वाली सिंचाई ने कृषि को प्लावनीय मैदानों और नदी किनारों की पट्टियों से दूर वर्तमान पंजाब और हरियाणा के मैदानों में विस्तृत होने का अवसर दिया जहाँ भूमिगत जल स्तर सतह के पर्याप्त समीप था।
II. कूपों से पानी निकालने के लिए भारवाही-पशु शक्ति का प्रयोग किया गया।

निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना, उपर्युक्त कथनों का समर्थन करती है/हैं ?

1. ऋग्वेद में, पानी निकालने के लिए *अश्म* चक्र (पत्थर की घिरनी) और *आहाव* (पट्टी से कसा हुआ लकड़ी का डोल) के उपयोग के साक्ष्य हैं।
2. ऋग्वेद में *पर्शु/कुलीश* (कुल्हाड़ी) और *दात्र/सृणी* (हँसिया) जैसे उपकरणों के उपयोग का उल्लेख मिलता है।
3. ऋग्वेद से पहले भी, भूमि को जोतने और गाड़ियों को खींचने के लिए बैल के उपयोग का इतिहास मिलता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3

27. Consider the following statements relating to the use of the place-value system in India :

1. The earliest epigraphic use of the place-value system in India is found in the Mankani plates from Gujarat (AD 595 – 596).
2. In the ninth century, place-values become general in inscriptions all over India.
3. The place-values have been found in Sanskrit inscriptions in South-east Asia as early as the seventh century.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

28. Consider the following statements about the archaeological findings in Harappan towns :

I. There is wide occurrence of spindle-whorls in the houses but absence of spinning wheels.
II. Weights and measurement scales, complete with graduations have been discovered.
III. There are houses built in large part with baked bricks, around relatively spacious courtyards, with their own wells, bathing platforms, and large rooms.

Which of the following inferences can be drawn from the above statements ?

1. Statement I suggests that spinning was a laborious activity done at home.
2. Statement II suggests the extent of the scientific knowledge that the Harappans possessed.
3. Statement III suggests the emergence of a common property system.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

29. Which one of the following statements about the Eka Movement and Bardoli Satyagraha is correct ?

(a) The Eka Movement was throughout supported and organized by the Congress while Bardoli Satyagraha was initially independent of Congress influence and was only in the last stages supported by the Congress.
(b) The Eka Movement was provided leadership by the *taluqdars* of Awadh, whereas the Bardoli Satyagraha was a movement of the landless labourers.
(c) The Bardoli Satyagraha was a campaign against the enhancement of land revenue, while the Eka Movement was a protest against excessive extraction of rents.
(d) The Eka Movement was located in the Varanasi and Mirzapur districts of the present-day U.P., while the Bardoli Satyagraha took place in Saurashtra.

30. Consider the following statements about the Rigvedic period :

I. Irrigation from wells allowed agriculture to expand away from flood plains and strips on river margins into the present Punjab and Haryana plains having underground water levels reasonably close to the surface.
II. Draught-animal power was employed to draw up water out of the wells.

Which of the following information support/supports the above statements ?

1. There is evidence in the *Rigveda* of the use of *ashma chakra* (stone pulley wheel) and *ahava* (strapped wooden pails) to draw up water.
2. Mention has been made in the *Rigveda* of the use of implements like *parashu / kulisha* (axe) and *datra / sreni* (sickle).
3. There is a history of the use of ox, even before the *Rigveda*, for ploughing the land and pulling the carts.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 1 and 3 only
(d) 3 only

31. निम्नलिखित अभिकथन पर विचार कीजिए :

*अत्यंत नूतन (प्लीस्टोसीन) काल में या तो यमुना, कभी सिन्धु में प्रवाहित होती थी, या फिर सतलुज, यमुना में प्रवाहित होती थी तथा इनमें से किसी एक की प्रमुख सहायक नदी या तो गंगा से सिंधु में अथवा इसके विपरीत, स्थानांतरित हुई थी।*

निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, उपर्युक्त अभिकथन का/के आधार है/हैं ?

1. ऋग्वेद का नदी-सूक्त
2. रॉबर्ट ब्रूस फुट द्वारा किए गए सतलुज और यमुना के अन्वेषण
3. सिन्धु और गंगा, दोनों नदी प्रणालियों में डॉलफ़िनों की समान प्रजातियों की उपस्थिति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) 3

32. प्रारंभिक बौद्ध मूर्तिविद्या में रिक्त स्थान (empty seat) क्या दर्शाता है ?

(a) बुद्ध का ध्यान
(b) बुद्ध का प्रथम धर्मोपदेश
(c) बुद्ध का *महापरिनिब्बान*
(d) बुद्ध का *महाभिनिष्क्रमण*

33. निम्नलिखित नदियों के प्राचीन और आधुनिक नामों के युग्मों में से कौन-सा/कौन-से सही सुमेलित है/हैं ?

1. वितस्ता : चिनाब
2. असिक्नी : झेलम
3. परुष्णी : रावी
4. यव्यावती : ब्यास

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) केवल 3
(d) केवल 4

34. अमरावती स्तूप और उसकी उद्भृत मूर्तिकला (relief sculpture) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह निचली कृष्णा घाटी में स्थित था।
2. भारत में, आकार की दृष्टि से, साँची स्तूप के बाद इसका ही स्थान था।
3. अमरावती मूर्तिकला शैली का परवर्ती दक्षिण भारतीय मूर्तिकला पर गहरा प्रभाव पड़ा, और उसकी रचनाओं (products) को श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व एशिया ले जाया गया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

35. प्रारंभिक ऐतिहासिक तमिलकम में राजा और उसकी वंशावली के निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है/हैं ?

1. सेनगुट्टुवन : चेर
2. उदियनजेरल : चोल
3. नेदुन्जेलियन : पांड्य

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) केवल 2
(c) 1 और 3
(d) केवल 3

GEO IAS It's about quality

31. Consider the following assertion :

*In the Pleistocene period either the Yamuna once flowed into the Indus, or the Sutlej flowed into the Yamuna and one major tributary of either had shifted from the Ganga to the Indus or vice versa.*

Which of the following is/are the basis of the above assertion ?

1. The *Nadi-Sukta* of the *Rigveda*
2. The explorations of the Sutlej and the Yamuna by Robert Bruce Foote
3. The presence of the same species of dolphins in both the Indus and the Ganga river systems

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2
(d) 3

32. What does an empty seat represent in early Buddhist iconography ?

(a) The meditation of the Buddha
(b) The Buddha's First Sermon
(c) The Buddha's *Mahaparinibbana*
(d) The Buddha's *Mahabhinishkramana*

33. Which of the following pairs of ancient and modern names of rivers is/are correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Vitasta | : | Chenab |
| 2. | Asikni | : | Jhelum |
| 3. | Parushni | : | Ravi |
| 4. | Yavyavati | : | Beas |

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 3 and 4
(c) 3 only
(d) 4 only

34. Which of the following statements on the Amaravati Stupa and its relief sculpture is/are correct ?

1. It was located in the lower Krishna valley.
2. In India, it was next only to the Sanchi Stupa in size.
3. The Amaravati school of sculpture made a lasting impact on the later South Indian sculpture, and its products were carried to Sri Lanka and South-east Asia.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

35. Which of the following pairs of the king and his dynasty in early historical Tamilakam is/are ***not*** correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Senguttuvan | : | Chera |
| 2. | Udiyanjeral | : | Chola |
| 3. | Nedunjeliyan | : | Pandya |

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 2 only
(c) 1 and 3
(d) 3 only

36. Which of the following factors contributed to the formation of the Forward Bloc by Subhas Chandra Bose in 1939 ?

1. Bose failed to win the confidence of Mahatma Gandhi.
2. The Congress Left was disunited and failed to support Bose.
3. The Communists did not support Bose in his endeavours.
4. The supporters of M.N. Roy and socialist leaders like Jayaprakash Narayan preferred Congress unity to supporting Bose.

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1, 2 and 4
(c) 1, 3 and 4
(d) 2 and 4 only

37. Consider the following statements regarding the British policy in Awadh immediately after its annexation in 1856 :

1. The *taluqdars* were dispossessed of their estates but allowed to retain their arms and forts.
2. A Summary Revenue Settlement was made in 1856 assuming that the *taluqdars* were outsiders.
3. The British believed in taking revenue directly from the peasants by removing the *taluqdars*.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 2 and 3 only
(b) 1 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 2 only

38. Consider the following assertion :

*The genesis of political alliances based on community lay in the very nature of the Montague-Chelmsford Reforms, 1919.*

Which of the following statements support/supports the above assertion ?

1. Reforms retained and extended the principle of separate electorates.
2. Separate electorates were supposed to counter Indian nationalism, which was growing stronger.
3. Deprived classes rallied around the favours inherent in separate electorates.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

39. Pandit Mallikarjun Mansur, the famous classical singer from Karnataka, represented the :

(a) Agra Gharana
(b) Gwalior Gharana
(c) Patiala Gharana
(d) Jaipur-Atrauli Gharana

40. In which one among the following texts does the term *kshetra-patni* ('mistress of the field') originate ?

(a) *Rigveda*
(b) *Atharvaveda*
(c) *Ashtadhyayi*
(d) *Arthashastra*

41. श्री X, एक वरिष्ठ अधिकारी हैं, जो किसी विश्वमारी के दौरान एक निर्णायक टीकाकरण कार्यक्रम का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने पाया कि टीके के वितरण के लिए उत्तरदायी एक निजी सेवा प्रदाता, लाभ अर्जित करने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर रहा है। निहित स्वार्थों के कारण, इस मामले को निपटाने हेतु अत्यधिक दबाव होने के बावजूद, अपने जीविका (कैरिअर) के विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी के दौरान सीखे गए लोक प्रशासन के सिद्धांतों के आधार पर उन्होंने अपनी आवाज़ उठाई। उन्होंने इस मामले को समुचित सतर्कता प्राधिकारी को प्रतिवेदित किया और नागरिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए उस संविदा को रोक दिया।

श्री X की कार्रवाई से लोक प्रशासन के निम्नलिखित सिद्धांतों में से कौन-सा सर्वाधिक प्रभावी रूप से प्रदर्शित होता है ?

(a) दल भावना (Esprit de corps)

(b) समता

(c) उत्तरदायित्व

(d) प्रत्यायोजन

42. एक बहुजातीय ज़िले में, जहाँ आर्थिक प्रतिस्पर्धा और ऐतिहासिक शिकायतों के परिणामस्वरूप प्रायः सामुदायिक तनाव उत्पन्न होते हैं, वहाँ एक जनजातीय उपग्राम के निकट एक अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा-केंद्र के लिए भूमि आबंटित करने संबंधी एक सरकारी निर्णय से एक चिंगारी निकली और जनजातीय समुदाय का विरोध भड़क उठा, जिसमें दावा किया गया है कि यह भूमि उनकी सांस्कृतिक पहचान के लिए पवित्र और महत्त्वपूर्ण है। उसी समय, शहरी निवासी और स्थानीय उद्योग समूह एक उपयुक्त निपटान स्थल के न होने के कारण उत्पन्न ठोस अपशिष्ट की गंभीर चुनौतियों और स्वास्थ्य चिंताओं का हवाला देते हुए इस परियोजना का समर्थन करते हैं। यह संघर्ष सड़क अवरोध, सोशल मीडिया अभियानों, और पुलिस के अतिरेक के आरोपों के चलते तीव्र हो गया।

एक ज़िम्मेदार सरकारी अधिकारी के रूप में, आपको मध्यस्थता के माध्यम से इस स्थिति का समाधान करने एवं पर्यावरणीय आवश्यकताओं, जनजाति के अधिकारों, और शहरी जन-स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाते हुए एक संधारणीय परिणाम सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है।

उपर्युक्त के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. तकनीकी विकल्पों पर चर्चा करने से पहले, विरोध करने वाले जनजाति समुदाय की सांस्कृतिक चिंताओं को स्वीकार करने के साथ ही, एक सफल संघर्ष समाधान प्रक्रिया अवश्य आरंभ की जानी चाहिए।
2. शहरी स्वास्थ्य चिंताओं के समाधान के लिए, सरकार को अविलंब परियोजना को आगे बढ़ाना चाहिए, जो कि किसी लघु वर्ग की भावनाओं से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है।
3. पारस्परिक समझ विकसित करने और तनावों को कम करने में सहायता के लिए जनजाति नेताओं, पर्यावरण विशेषज्ञों, और नगर पालिका के प्रतिनिधियों को सम्मिलित करते हुए एक बहु-हितधारक संवाद मंच का गठन करना।
4. साक्ष्य-आधारित निर्णयन को सुकर बनाने के लिए एक स्वतंत्र पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (ESIA) को संचालित करना और प्राप्त निष्कर्षों को दोनों पक्षों के साथ पारदर्शी रूप से साझा करना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से, इस समाधान प्रक्रिया में योगदान देंगे ?

(a) केवल 1, 3 और 4
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2, 3 और 4

41. Mr. X, a senior officer, was overseeing a critical vaccination programme during a pandemic. He found that a private service provider responsible for vaccine distribution was compromising on quality to make profits. Despite immense pressure to manage the issue due to vested interests, he raised his voice based on the principles of public administration which he learnt during various training programmes attended across his career. He reported the issue to the appropriate vigilance authority and halted the contract to ensure citizen welfare.

Which one among the following principles of public administration was most strongly demonstrated by Mr. X's actions ?

(a) Esprit de corps

(b) Equity

(c) Accountability

(d) Delegation

42. In a multi-ethnic district where both economic competition and historical grievances frequently led to community tensions, a flashpoint has arisen with a Government decision to allocate land for a waste management facility near a tribal hamlet, sparking protests by the tribal community, which claimed that the land was sacred and critical to their cultural identity. At the same time, urban residents and local industries supported the project, citing severe solid waste challenges and health concerns due to lack of a proper disposal site. The conflict has escalated with road blockades, social media campaigns, and allegations of police excesses.

As a responsible Government official, you are tasked with resolving the situation through mediation, ensuring a sustainable outcome that balances environmental needs, tribal rights, and urban public health.

Consider the following statements with reference to the above :

1. A successful conflict resolution process must begin with acknowledging the cultural concerns of the protesting tribal community before discussing technical alternatives.
2. The Government should move ahead with the project without delay to address urban health concerns, which outweigh the sentiments of a small group.
3. Creating a multi-stakeholder dialogue platform — including tribal leaders, environmental experts, and municipal representatives — to build mutual understanding and help de-escalate tensions.
4. Conducting an independent Environmental and Social Impact Assessment (ESIA) and sharing findings transparently with both sides to facilitate evidence-based decision-making.

Which of the statements given above would contribute to the resolution process ?

(a) 1, 3 and 4 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2, 3 and 4

43. सुश्री X, एक मध्यम-स्तरीय सिविल सेवा अधिकारी हैं, जो एक प्रमुख नगर के शहरी विकास विभाग में कार्यरत हैं। हाल ही में, वे एक सार्वजनिक अवसंरचना परियोजना — नए सामुदायिक उद्यान हेतु संविदा की अनुमोदन प्रक्रिया में सम्मिलित थीं। अनुमोदन प्रक्रिया के दौरान, उन्हें एक गोपनीय सूचना प्राप्त होती है, जिसमें इसका उल्लेख है कि चयनित सूची में सम्मिलित एक संविदाकार के अन्य नगरों में घटिया कार्य-शैली और भ्रष्टाचार के आरोपों का पूर्ववृत्त रहा है, यद्यपि विधि द्वारा कुछ भी प्रमाणित नहीं हुआ है। विभागाध्यक्ष श्री Y, उन्हें इस सूचना को परियोजना समिति अथवा जनता के समक्ष प्रकट न करने की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे परियोजना में विलंब हो सकता है और नगर की प्रतिष्ठा को हानि हो सकती है। हालाँकि, सुश्री X का मानना है कि ऐसी सूचना को रोकना, पारदर्शिता और जनता के विश्वास से समझौता करना होगा।

अब, सुश्री X को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए ?

1. परियोजना समिति और जनता के समक्ष तत्काल सूचना को प्रकट करना चाहिए
2. परियोजना की संपूर्णता (integrity) के संरक्षण के लिए चयनित सूची से संविदाकार को हटाने की अनुशंसा करनी चाहिए
3. कुछ समय के लिए जनता से इस सूचना को गोपनीय रखते हुए, किसी निरीक्षण समिति को एक 'सीमित प्रकटीकरण' प्रस्तावित करना चाहिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

44. 'X', भारत के संविधान के भाग III के अनुच्छेद 13 में यथा उपबंधित, 'विधि' शब्द के अर्थ पर एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहा था। 'X' ने स्पष्ट किया कि भारत के संविधान में 'विधि' शब्द का अर्थ अत्यधिक व्यापक है। इसमें अध्यादेश, आदेश तथा नियम और विनियम भी सम्मिलित हैं। 'Y' ने ध्यान दिलाया कि अनुच्छेद 13 में 'विधि' शब्द के अंतर्गत भारत के राज्यक्षेत्र में विधि का बल रखने वाली रूढ़ि या प्रथा भी सम्मिलित है, जिससे 'X' सहमत नहीं था।

उपर्युक्त के आधार पर, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही निष्कर्ष को चुनिए :

(a) विधि की व्याख्या में, 'X' सही है, जिसमें रूढ़ि को सम्मिलित न किए जाने के बारे में उसके विचार भी सम्मिलित हैं।
(b) 'Y' का यह विचार कि 'विधि' में रूढ़ि सम्मिलित है, सही नहीं है।
(c) 'X' और 'Y' दोनों के विचार सही हैं।
(d) केवल 'Y' का विचार सही है।

45. भारत के संविधान के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान में ऐसा कोई भी अनुच्छेद नहीं है, जो यह विनिर्दिष्ट करता हो कि भारत के संविधान को आधिकारिक रूप से 'भारत का संविधान' कहा जाएगा।
2. भारत के संविधान में ऐसा कोई भी अनुच्छेद नहीं है, जो यह विनिर्दिष्ट करता हो कि भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 (इंडियन इंडिपेंडेन्स एक्ट, 1947) और भारत सरकार अधिनियम, 1935, (गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट, 1935) को निरसित किया गया।
3. भारत के संविधान में ऐसा कोई भी अनुच्छेद नहीं है, जिसमें भारत के संविधान के प्रारंभ होने की तारीख के रूप में 26 जनवरी, 1950 का उल्लेख है।

उपर्युक्त कथनों पर आधारित निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष सही है ?

(a) सभी तीन कथन सही हैं।
(b) कोई भी कथन सही नहीं है।
(c) दो कथन सही हैं, जिनमें कथन 3 सम्मिलित है।
(d) केवल एक कथन सही है।

43. Ms. X is a mid-level civil service official working in the urban development department of a major city. Recently, she was involved in approving a contract for a public infrastructure project — a new community park. During the approval process, she received a piece of confidential information indicating that one of the shortlisted contractors had a history of poor workmanship and allegations of corruption in other cities, though nothing had been legally proven. The Head of the Department, Mr. Y, advised her not to disclose this information to the project committee or the public because it could delay the project and damage the city's reputation. However, Ms. X believed that withholding such information compromised transparency and public trust.

What amongst the following should Ms. X do now ?

1. Immediately disclose the information to the project committee and the public
2. Recommend removing the contractor from the shortlist to protect the project's integrity
3. Propose a 'limited disclosure' to an oversight committee, while keeping the information confidential from the public for the time being

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

44. 'X' was addressing a seminar on the meaning of the term 'law' as provided under Article 13, Part III of the Constitution of India. 'X' explained that the meaning of the term 'law' in the Constitution of India was very comprehensive. It included ordinances, orders and even rules and regulations. 'Y' pointed out that the term 'law' in Article 13 also included custom or usage having in the territory of India the force of law, to which 'X' was not convinced.

Based on the above, select the correct conclusion from the options given below :

(a) 'X' is correct in the interpretation of law, including the view on non-inclusion of custom.
(b) The view of 'Y' that 'law' included custom is not correct.
(c) The views of both 'X' and 'Y' are correct.
(d) The view of only 'Y' is correct.

45. Consider the following statements with reference to the Constitution of India :

1. There is no Article in the Constitution of India that specifies that the Constitution of India will be officially called the 'Constitution of India'.
2. There is no Article in the Constitution of India that specifies that the Indian Independence Act, 1947 and the Government of India Act, 1935 stand repealed.
3. There is no Article in the Constitution of India that mentions 26$^{th}$ January, 1950 as the date of the commencement of the Constitution of India.

Which one of the following conclusions based on the above statements is correct ?

(a) All three statements are correct.
(b) There is no correct statement.
(c) There are two correct statements that include statement 3.
(d) There is only one correct statement.

46. भारत में दिव्यांगजनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. भारत की संसद द्वारा वर्ष 2018 में पारित दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, शिक्षा और नियोजन में आरक्षण अनिवार्य करता है, पहुँच और विभेद न करने को सुनिश्चित करने के सरकारों के विधिक कर्तव्य को स्थापित करता है।

2. सुगम्य भारत अभियान तीन प्रमुख क्षेत्रों यथा, निर्मित बुनियादी ढाँचा, परिवहन प्रणाली और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में दिव्यांगजनों की सार्वभौमिक पहुँच प्राप्त करने पर केंद्रित है।

3. राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम (NDFDC) कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा स्थापित एक सार्वजनिक क्षेत्र संगठन है, जो दिव्यांगजनों (PwDs) में उद्यमिता के संवर्धन के लिए एक अलाभकारी कंपनी है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) केवल 1

47. भारत में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित उपबंधों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान की पाँचवीं अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों में जनजाति क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में उपबंध हैं।

2. भारत की कुछ जनजातियाँ कतिपय आय पर आयकर के भुगतान से छूट का दावा करने की हकदार हैं।

3. भारत के संविधान में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की स्त्रियों के लिए पंचायतों में स्थानों (सीटों) के आरक्षण का उपबंध है।

उपर्युक्त कथनों पर आधारित निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन-सा सही है ?

(a) दो कथन सही हैं, जिनमें कथन 2 सम्मिलित है।

(b) दो कथन सही हैं, जो कि कथन 1 और कथन 3 हैं।

(c) केवल एक कथन सही है।

(d) सभी तीन कथन सही हैं।

48. भारत की संसद में सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अतारांकित प्रश्न ऐसे प्रश्न हैं, जिन पर कोई सदस्य सदन में मौखिक उत्तर चाहता है।

2. तारांकित प्रश्न ऐसे प्रश्न हैं, जिन पर कोई सदस्य लिखित उत्तर चाहता है।

3. किसी अतारांकित प्रश्न पर कोई अनुपूरक प्रश्न नहीं पूछा जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों पर आधारित निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन-सा सही है ?

(a) सभी तीन कथन सही हैं।

(b) दो कथन सही हैं, जिनमें कथन 2 सम्मिलित है।

(c) केवल एक कथन सही है।

(d) कोई भी कथन सही नहीं है।

46. Which of the following statements with regard to the persons with disabilities in India is/are correct ?

1. The Rights of Persons with Disabilities Act, an Act passed by the Parliament of India in 2018, mandates reservation in education and employment, places a legal duty on Governments to ensure accessibility and non-discrimination.
2. The Sugamya Bharat Abhiyan focuses on achieving universal accessibility for Persons with Disabilities across three key domains — built infrastructure, transport systems and information and communication technology.
3. The National Divyangjan Finance and Development Corporation (NDFDC) is a public sector organisation set up by the Ministry of Corporate Affairs as a not-for-profit company to promote entrepreneurship among Persons with Disabilities (PwDs).

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 only

(c) 1 and 3

(d) 1 only

47. Consider the following statements about the provisions pertaining to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes in India :

1. Provisions regarding the administration of the Tribal Areas in the States of Assam, Meghalaya, Tripura and Mizoram are given in the Fifth Schedule of the Constitution of India.
2. Some tribes of India are entitled to exemption from paying Income Tax on certain incomes.
3. The Constitution of India provides for reservation of seats in Panchayats for women belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes.

Which one of the following conclusions based on the above statements is correct ?

(a) There are two correct statements, that include statement 2.

(b) There are two correct statements, that are statements 1 and 3.

(c) There is only one correct statement.

(d) All three statements are correct.

48. Consider the following statements in respect of questions asked by the Members in the Parliament of India :

1. Unstarred questions are those to which a Member desires an oral answer in the House.
2. Starred questions are those to which a Member desires a written answer.
3. No supplementary question can be asked on an unstarred question.

Which one of the following conclusions based on the above statements is correct ?

(a) All the three statements are correct.

(b) There are two correct statements, that include statement 2.

(c) There is only one correct statement.

(d) There is no correct statement.



GEO IAS It's about quality

49. भारत की संसद की अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यद्यपि इस समिति के सदस्यों को संसद के दोनों सदनों से निर्वाचित किया जाता है, तथापि राज्य सभा के सभापति द्वारा इस समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है।
2. राज्य सभा द्वारा बीस सदस्यों और लोक सभा द्वारा दस सदस्यों को निर्वाचित किया जाता है।
3. केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के अतिरिक्त, कोई अन्य मंत्री इस समिति का सदस्य होने का पात्र नहीं है।
4. सदस्यों को उनके पद ग्रहण करने की तारीख से 2 वर्ष की नियत पदावधि के लिए निर्वाचित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों पर आधारित निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन-सा सही है ?

(a) चारों कथन सही हैं।
(b) केवल एक कथन सही है, जो कि कथन 2 है।
(c) दो कथन सही हैं, जिनमें कथन 1 सम्मिलित है।
(d) कोई भी कथन सही नहीं है।

50. भारत के मिशन सुदर्शन चक्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसका उद्देश्य भारत की वायु रक्षा, बैलिस्टिक मिसाइल सुरक्षा और हवाई आक्रमण क्षमताओं में वृद्धि करना है।
2. इस मिशन को त्वरित, सटीक, और शक्तिशाली रक्षा (defence) प्रतिक्रिया में वृद्धि करने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है, जो भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को सशक्त बनाएगी।
3. इस मिशन के उद्देश्यों में से एक है – वर्ष 2035 तक, भारत के सभी सार्वजनिक स्थानों को एक विस्तारित राष्ट्रव्यापी सुरक्षा कवच के द्वारा सुरक्षा प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1

51. भारत को पड़ोसी देशों से जोड़ने वाले नदी सेतुओं के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. फेनी नदी पर निर्मित 'मैत्री सेतु', भारत के रामगढ़ को बांग्लादेश के सबरूम से जोड़ता है।
2. झूलाघाट का झूला सेतु (सस्पेंशन ब्रिज) भारत को म्यांमार से जोड़ता है।
3. मेची सेतु और उसके पहुँच मार्ग, भारत के पानीटंकी बाइपास को नेपाल के काकरविट्टा से जोड़ते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 3

52. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 के अधीन ज़ीरो प्रथम सूचना रिपोर्ट (Zero FIR) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. ज़ीरो एफआईआर (Zero FIR) किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई जा सकती है, भले ही संज्ञेय/असंज्ञेय अपराध किए जाने का स्थान, उस पुलिस स्टेशन की क्षेत्रीय अधिकारिता से बाहर हो।
2. किसी पुलिस स्टेशन, जहाँ ज़ीरो एफआईआर (Zero FIR) दर्ज की गई है, वहाँ के प्रभारी अधिकारी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से प्राथमिक अन्वेषण आरंभ कर सकता है।
3. ज़ीरो एफआईआर (Zero FIR) के अंतर्गत, सूचना देने वाले के लिए यह अनिवार्य है कि वह सूचना इलेक्ट्रॉनिक प्ररूप में दे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 2

49. Consider the following statements about the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes of the Parliament of India :

1. Although members of this Committee are elected from both Houses of Parliament, the Chairperson of this Committee is appointed by the Chairman of the Rajya Sabha.
2. Twenty members are elected by the Rajya Sabha and ten members by the Lok Sabha.
3. No Minister, except for the Union Minister of Social Justice and Empowerment, is eligible to be a member of this Committee.
4. Members are elected for a fixed term of two years from the date they enter their office.

Which one of the following conclusions based on the above statements is correct ?

(a) There are four correct statements.
(b) There is only one correct statement, that is statement 2.
(c) There are two correct statements, that include statement 1.
(d) There is no correct statement.

50. Consider the following statements about Mission Sudarshan Chakra of India :

1. It aims to enhance India's air defence, ballistic missile defence and aerial offensive capabilities.
2. This Mission is being designed to enhance rapid, precise, and powerful defence responses, reinforcing India's strategic autonomy.
3. One of the aims of this Mission is to cover all public places of India by an expanded nationwide security shield by 2035.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1 only

51. Consider the following statements about river bridges connecting India with neighbouring countries :

1. 'Maitri Setu', built over Feni river, connects Ramgarh in India with Sabroom in Bangladesh.
2. Jhulaghat suspension bridge connects India with Myanmar.
3. Mechi bridge and its approaches connect Panitanki Bypass in India with Kakarvitta in Nepal.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2
(b) 2 and 3
(c) 1 only
(d) 3 only

52. Which of the following statements about a Zero First Information Report (Zero FIR) under the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita (BNSS), 2023 is/are correct ?

1. A Zero FIR can be lodged at a police station, even though the place of commission of a cognizable/non-cognizable offence is outside the territorial jurisdiction of that police station.
2. The Officer-in-Charge of the police station where a Zero FIR has been lodged may, with the permission of the competent authority, initiate a preliminary enquiry.
3. Under Zero FIR, it is obligatory for the informant to furnish information electronically.

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 only
(d) 2 only

53. भारत सरकार के अधीन संगठनों के संदर्भ में, निम्नलिखित विवरणों पर विचार कीजिए :

| क्रम सं. | संगठन | कार्य | नियंत्रक केंद्रीय मंत्रालय |
|---|---|---|---|
| 1. | केंद्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो (CEIB) | विविध विधि प्रवर्तन अभिकरणों के बीच समन्वय करना | गृह मंत्रालय |
| 2. | गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (SFIO) | जटिल निगमित कपटों का अन्वेषण करना | वित्त मंत्रालय |
| 3. | केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) | सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों को परिरक्षित करना और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की दशा को सुनिश्चित करना | कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय |

उपर्युक्त कितनी पंक्तियों में, दिए गए विवरण सही सुमेलित हैं ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) कोई नहीं

54. निम्नलिखित में से किन अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशनों का भारत ने अनुसमर्थन ***नहीं*** किया है ?

1. रोज़गार नीति पर कन्वेंशन
2. बलात्श्रम के अंत पर कन्वेंशन
3. सभी प्रवासी श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों के अधिकारों के संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन
4. युद्ध के समय सिविलियन व्यक्तियों के संरक्षण से संबंधित जिनेवा कन्वेंशन
5. राज्यविहीनता (Statelessness) को कम करने पर कन्वेंशन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 2 और 4

(b) 1 और 2

(c) केवल 3 और 4

(d) 3, 4 और 5

55. नई दिल्ली में आयोजित एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन, 2026 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शिखर सम्मेलन का बौद्धिक ढाँचा (फ्रेमवर्क) तीन बुनियादी सूत्रों : जन, आयोजना, और प्रगति पर आधारित था।
2. शिखर सम्मेलन की प्रस्तावना में एआई संसाधनों के लोकतंत्रीकरण पर बल दिया गया है, जो राष्ट्रीय कानून का सम्मान करते हुए स्थानीय स्तर पर प्रासंगिक नवाचार का समर्थन करने और लचीले एआई पारिस्थितिकी तंत्रों को मज़बूत करने के लिए एक बाध्यकारी ढाँचे के रूप में एआई के लोकतांत्रिक प्रसार के लिए चार्टर को स्वीकार करती है।
3. एआई प्रभाव पर नई दिल्ली घोषणा का प्रतिपादन सात चक्रों (स्तंभों) पर केंद्रित था, जिसमें सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पहुँच, विज्ञान के लिए एआई, तथा सुरक्षित एवं विश्वसनीय एआई सम्मिलित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

53. With reference to the organisations under the Government of India, consider the following details :

| Sl. No. | Organisation | Function | Controlling Union Ministry |
|---|---|---|---|
| 1. | Central Economic Intelligence Bureau (CEIB) | To coordinate between various law enforcement agencies | Ministry of Home Affairs |
| 2. | Serious Fraud Investigation Office (SFIO) | To investigate complex corporate frauds | Ministry of Finance |
| 3. | Central Bureau of Investigation (CBI) | To preserve values in public life and ensure the health of the national economy | Ministry of Personnel, Public Grievances and Pension |

In how many of the above rows are the given details correctly matched ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) None

54. Which of the following international conventions have *not* been ratified by India ?

1. Employment Policy Convention
2. Abolition of Forced Labour Convention
3. International Convention on the Protection of the Rights of All Migrant Workers and Members of Their Families
4. Geneva Convention Relative to the Protection of Civilian Persons in Time of War
5. Convention on Reduction of Statelessness

Select the answer using the code given below :

(a) 2 and 4

(b) 1 and 2

(c) 3 and 4 only

(d) 3, 4 and 5

55. Consider the following statements with respect to the AI Impact Summit, 2026 held in New Delhi :

1. The Summit's intellectual framework was based on three foundational Sutras : People, Planning, and Progress.
2. The Preamble of the Summit stresses Democratising AI Resources, which acknowledges the Charter for Democratic Diffusion of AI as a binding framework to support locally relevant innovation and strengthen resilient AI ecosystems while respecting national laws.
3. The New Delhi Declaration on AI Impact was structured around seven Chakras (Pillars), which included Access for Social Empowerment, AI for Science, and Secure and Trusted AI.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

56. निम्नलिखित में से कौन-सी संपर्क (कनेक्टिविटी) परियोजनाएँ, भारत और आसियान (ASEAN) सदस्य देशों के बीच सहयोग का एक भाग है/हैं ?

1. कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांज़िट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट
2. आईएमटी ट्राइलेटरल हाइवे
3. अगरतला-आखाउड़ा रेल लाइन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) केवल 2

57. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| *सूची I (भारत से सहायता प्राप्त परियोजना)* | *सूची II (देश)* |
|---|---|
| A. मंगदेछू पनबिजली परियोजना | 1. मालदीव |
| B. स्टोर पैलेस का जीर्णोद्धार | 2. अफ़ग़ानिस्तान |
| C. डिकओया का ज़िला अस्पताल | 3. भूटान |
| D. इंस्टिट्यूट ऑफ़ सिक्यूरिटी एंड लॉ एनफोर्समेंट स्टडीज़ | 4. श्रीलंका |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

58. रक्षा हार्डवेयर की निम्नलिखित मदों में से किसका/किनका विनिर्माण भारत में किया जाता है ?

1. एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमान (Su-30 MKI Fighter Jets)
2. टी-90 एमके-III टैंक (T-90 MK-III Tanks)
3. आकुला श्रेणी पनडुब्बी (Akula Class Submarine)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) केवल 1
(d) केवल 2

59. बहुपक्षीय सहयोग मंचों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'कोलंबो प्रक्रिया' ('Colombo Process') एक क्षेत्रीय परामर्शदात्री प्रक्रिया है, जिसमें सदस्य देश सर्वसम्मति से बाध्यकारी निर्णय लेते हैं।
2. 'अबू धाबी संवाद (डायलॉग)' संविदा श्रमिकों के आवागमन पर क्षेत्रीय सहयोग को सुकर बनाने के लिए श्रमिकों के मूल-स्थान और गंतव्य-स्थान से जुड़े एशियाई देशों के मध्य एक स्वैच्छिक ग़ैर-बाध्यकारी परामर्शदात्री प्रक्रिया है।
3. एक पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रस्ताव के अनुसार सृजित 'प्रवासन और विकास के लिए वैश्विक मंच' (Global Forum for Migration and Development), एक स्वैच्छिक मंच है, जिसके निर्णय बाध्यकारी स्वरूप के नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 2

56. Which of the following connectivity projects is/are a part of cooperation between India and the ASEAN member countries ?

1. Kaladan Multi-Modal Transit Transport Project
2. IMT Trilateral Highway
3. Agartala-Akhaura Rail Line

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 1 and 3

(d) 2 only

57. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List I* *(Project Supported by India)* | | *List II* *(Country)* | |
|---|---|---|---|
| A. | Mangdechhu Hydroelectric Project | 1. | Maldives |
| B. | Restoration of Stor Palace | 2. | Afghanistan |
| C. | District Hospital at Dickoya | 3. | Bhutan |
| D. | Institute of Security and Law Enforcement Studies | 4. | Sri Lanka |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

58. Which of the following items of defence hardware is/are manufactured in India ?

1. Su-30 MKI Fighter Jets
2. T-90 MK-III Tanks
3. Akula Class Submarine

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 1 only

(d) 2 only

59. Consider the following statements about platforms for multilateral co-operation :

1. The 'Colombo Process' is a regional consultative process in which member states take binding decisions by consensus.
2. The 'Abu Dhabi Dialogue' is a voluntary non-binding consultative process among Asian countries of labour origin and destination to facilitate regional cooperation on contractual labour mobility.
3. The 'Global Forum for Migration and Development', created upon the proposal of a former UN Secretary General, is a voluntary forum whose decisions are non-binding in nature.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 2 only

60. निम्नलिखित संयुक्त राष्ट्र संगठनों/एजेंसियों पर विचार कीजिए :

1. विश्व खाद्य कार्यक्रम (वर्ल्ड फ़ूड प्रोग्राम)
2. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनाइटेड नेशन्स चिल्ड्रन्स फंड)
3. शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूनाइटेड नेशन्स हाई कमीशनर फॉर रिफ्यूजीज़)
4. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइज़ेशन)

उपर्युक्त में से कितनों को दो बार नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है ?

(a) 1
(b) 2
(c) 3
(d) 4

61. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (संयुक्त राष्ट्र शांति-स्थापना अभियान)* | | *सूची II (अभियान की अवधि)* |
|---|---|---|---|
| A. | यू एन एम आई एल (UNMIL) | 1. | 2007 – 2010 |
| B. | एम आई एन यू आर सी ए टी (MINURCAT) | 2. | 2002 – 2005 |
| C. | एम आई एन यू एस टी ए एच (MINUSTAH) | 3. | 2003 – 2018 |
| D. | यू एन एम आई एस ई टी (UNMISET) | 4. | 2004 – 2017 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

62. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (बिम्सटेक केंद्र/स्थापना)* | | *सूची II (स्थान)* |
|---|---|---|---|
| A. | बिम्सटेक सांस्कृतिक उद्योग प्रेक्षण-शाला (ऑब्जर्वेटरी) | 1. | नोएडा (NOIDA) |
| B. | बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र | 2. | बेंगलुरु |
| C. | मौसम और जलवायु के लिए बिम्सटेक केंद्र | 3. | कोलंबो |
| D. | बिम्सटेक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र | 4. | थिम्पू |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

63. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | *(भारतीय सेना कोर)* | | *(मुख्यालय)* |
|---|---|---|---|
| (a) | 3 कोर | : | दीमापुर |
| (b) | 4 कोर | : | तेजपुर |
| (c) | 14 कोर | : | लेह |
| (d) | 33 कोर | : | श्रीनगर |

60. Consider the following UN organisations/ agencies :

1. World Food Programme
2. United Nations Children's Fund
3. United Nations High Commissioner for Refugees
4. International Labour Organisation

How many of the above has/have been awarded the Nobel Prize twice ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

61. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

| | *List I* *(UN Peacekeeping Operation)* | | *List II* *(Period of Operation)* |
|---|---|---|---|
| A. | UNMIL | 1. | 2007 – 2010 |
| B. | MINURCAT | 2. | 2002 – 2005 |
| C. | MINUSTAH | 3. | 2003 – 2018 |
| D. | UNMISET | 4. | 2004 – 2017 |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

62. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

| | *List I* *(BIMSTEC Centre / Establishment)* | | *List II* *(Location)* |
|---|---|---|---|
| A. | BIMSTEC Cultural Industries Observatory | 1. | NOIDA |
| B. | BIMSTEC Energy Centre | 2. | Bengaluru |
| C. | BIMSTEC Centre for Weather and Climate | 3. | Colombo |
| D. | BIMSTEC Technology Transfer Facility | 4. | Thimphu |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

63. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

| | *(Indian Army Corps)* | | *(Headquarters)* |
|---|---|---|---|
| (a) | 3 Corps | : | Dimapur |
| (b) | 4 Corps | : | Tezpur |
| (c) | 14 Corps | : | Leh |
| (d) | 33 Corps | : | Srinagar |

**64.** संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इसके कार्यान्वयन की अवधि 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2026 है।
2. संशोधित RGSA का मुख्य उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पंचायती राज संस्थाओं की शासन क्षमताएँ विकसित करना है।
3. सभी राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों के लिए संशोधित RGSA हेतु केंद्रीय वित्त पोषण का हिस्सा 100% है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) 2 और 3

**65.** निम्नलिखित में से कौन-से देश यूरोपीय संघ के सदस्य हैं ?

1. बेलारूस
2. पोलैंड
3. जर्मनी
4. स्विट्ज़रलैंड

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 4

(b) केवल 1 और 4

(c) 2 और 3

(d) केवल 2 और 4

**66.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| | सूची I (इंटरपोल नोटिस) | | सूची II (विवरण) |
|---|---|---|---|
| A. | सिल्वर नोटिस | 1. | अज्ञात शवों (मृतकों) के बारे में जानकारी माँगना |
| B. | ब्लू नोटिस | 2. | किसी आपराधिक अन्वेषण के संबंध में किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान, अथवा गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र करना |
| C. | ब्लैक नोटिस | 3. | किसी ऐसे व्यक्ति की आपराधिक गतिविधियों के बारे में चेतावनी देना, जहाँ उस व्यक्ति को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए संभावित खतरा माना जाता है |
| D. | ग्रीन नोटिस | 4. | आपराधिक संपत्तियों की पहचान करना और उनका पता लगाना |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

64. Which of the following statements with respect to the Revamped Rashtriya Gram Swaraj Abhiyan (RGSA) is/are correct ?

1. The period of its implementation is 1st April, 2021 to 31st March, 2026.
2. The key objective of the Revamped RGSA is to develop the governance capabilities of the Panchayati Raj Institutions to deliver on the Sustainable Development Goals.
3. The share of the Central funding for the Revamped RGSA is 100% for all States and Union Territories.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2
(b) 2 only
(c) 1 and 3
(d) 2 and 3

65. Which of the following countries are members of the European Union ?

1. Belarus
2. Poland
3. Germany
4. Switzerland

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4
(b) 1 and 4 only
(c) 2 and 3
(d) 2 and 4 only

66. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

| *List I* (*INTERPOL Notice*) | *List II* (*Description*) |
|---|---|
| A. Silver Notice | 1. To seek information on unidentified bodies |
| B. Blue Notice | 2. To collect additional information about a person's identity, location, or activities in relation to a criminal investigation |
| C. Black Notice | 3. To provide warning about a person's criminal activities, where the person is considered to be a possible threat to public safety |
| D. Green Notice | 4. To identify and trace criminal assets |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

67. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन संस्थानों का एक मंच, NIRANTAR (परिवर्तन, अनुकूलन और लचीलेपन के निर्माण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के अनुसंधान और अनुप्रयोग के लिए राष्ट्रीय संस्थान) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इस मंच के अधीन, पारिस्थितिकी तंत्र सर्वेक्षण और विश्लेषण एक कार्यक्षेत्र (vertical) है, जिसका अग्रणी संस्थान (lead institute) भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, कोलकाता है।

2. इस मंच के अधीन, पारिस्थितिकी तंत्र सेवा का अनुसंधान और प्रबंधन एक कार्यक्षेत्र है, जिसका अग्रणी संस्थान केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली है।

3. इस मंच के अधीन, क्षमता विकास सहायता एक कार्यक्षेत्र है, जिसका अग्रणी संस्थान भारतीय वन प्रबंध संस्थान, भोपाल है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2

(d) केवल 3

68. जनवरी, 2026 में जर्मनी के संघीय गणराज्य के चांसलर ने भारत की यात्रा की थी। इस यात्रा के परिणामों (outcomes) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से सही **नहीं** है/हैं ?

1. अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान और हैम्बर्ग विश्वविद्यालय के बीच समझौता-ज्ञापन (Memorandum of Understanding) पर हस्ताक्षर

2. हॉकी इंडिया और जर्मन हॉकी फेडरेशन के बीच युवा हॉकी के विकास पर समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर

3. भारत-प्रशांत क्षेत्र पर द्विपक्षीय संवाद तंत्र की स्थापना

4. लखनऊ में जर्मनी के मानद वाणिज्य दूतावास का उद्‌घाटन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 2 और 3

(b) 1 और 4

(c) 3 और 4

(d) केवल 1

69. DHRUV64 के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह DIR-V कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित तृतीय चिप (chip) है, जिसका समग्र उद्देश्य भारत के लिए माइक्रोप्रोसेसरों के निर्माण को समर्थ बनाना है।

2. यह भारत का प्रथम घरेलू 1·0 GHz, 64-बिट डुअल-कोर माइक्रोप्रोसेसर है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

67. Which of the following statements in relation to NIRANTAR (National Institute for Research and Application of Natural Resources to Transform, Adapt and Build Resilience), a platform of institutions under the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, is/are correct ?

1. Ecosystem Survey and Analysis is a vertical under this platform, the lead institute of which is Botanical Survey of India, Kolkata.

2. Research and Management of Ecosystem Service is a vertical under this platform, the lead institute of which is Central Zoo Authority, New Delhi.

3. Capacity Development Support is a vertical under this platform, the lead institute of which is Indian Institute of Forest Management, Bhopal.

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 3 only

(c) 2 only

(d) 3 only

68. The Chancellor of the Federal Republic of Germany visited India in January, 2026. Which of the following is/are *not* correct in terms of outcomes of this visit ?

1. Signing of a Memorandum of Understanding between the All India Institute of Ayurveda and the University of Hamburg

2. Signing of a Memorandum of Understanding on Youth Hockey Development between Hockey India and the German Hockey Federation

3. Establishment of a bilateral dialogue mechanism on the Indo-Pacific

4. Opening of an Honorary Consul of Germany in Lucknow

Select the answer using the code given below :

(a) 2 and 3

(b) 1 and 4

(c) 3 and 4

(d) 1 only

69. Which of the following statements about DHRUV64 is/are correct ?

1. It is the third chip fabricated under the DIR-V Programme with an overall aim to enable the creation of microprocessors for India.

2. It is India's first homegrown 1·0 GHz, 64-bit dual-core microprocessor.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

70. हाल ही में, भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने बम निरोधक प्रणाली के परीक्षण और मूल्यांकन के लिए एक राष्ट्रीय मानक प्रवर्तित किया है। इस प्रणाली के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. नए मानक को IS 19445 : 2025 के रूप में जाना जाता है।
2. इससे विभिन्न एजेंसियों के बीच उपकरण की अंतर-संचालनीयता (interoperability of equipment) में सुधार होगा।
3. DRDO के TBRL द्वारा 30वें सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च इंस्टिट्यूट, रूस के सहयोग से इसका विकास किया गया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 1

71. 'X' का जन्म UK में हुआ। उन्हें 2025 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। जब इस पुरस्कार की घोषणा की गई, तब वे एक अमरीकी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे। 'X' को पहचानिए :

(a) मिशेल एच. डेवोरेट

(b) रिचर्ड रॉबसन

(c) जॉन क्लार्क

(d) जोएल मोकिर

72. ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंटों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इन टूर्नामेंटों का एक साझा शासन ढाँचा है जो चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों के बीच साझेदारी स्थापित करता है।
2. ये टूर्नामेंट 14 वर्ष से अधिक आयु के सभी अंतर्राष्ट्रीय रैंक के टेनिस खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए खुले हैं।
3. किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए किसी खिलाड़ी को प्राप्त हो सकने वाले 'वाइल्ड कार्डों' की संख्या की सीमा (limitation) है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1

(d) 1, 2 और 3

73. भारत में सेमीकंडक्टर संयंत्रों और उनके अवस्थानों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) सीजी पॉवर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स की साझेदारी में : गुजरात

(b) टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड : असम

(c) एच सी एल-फॉक्सकोन ज्वाइंट वेंचर इंडिया चिप लिमिटेड : मध्य प्रदेश

(d) सिकसेम प्राइवेट लिमिटेड : ओडिशा

70. The Bureau of Indian Standard (BIS) recently introduced a national standard to test and assess bomb disposal system. Which of the following statements with regard to this system is/are correct ?

1. The new standard is known as IS 19445 : 2025.

2. It will improve interoperability of equipment across agencies.

3. It was developed by TBRL, DRDO in collaboration with the 30th Central Scientific Research Institute, Russia.

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1 only

71. 'X', born in the UK, was conferred the Nobel Prize in 2025. He was a professor in an American university when this prize was announced. Identify 'X' :

(a) Michel H. Devoret

(b) Richard Robson

(c) John Clarke

(d) Joel Mokyr

72. Which of the following statements with regard to the Grand Slam Tennis Tournaments is/are correct ?

1. The tournaments have a shared governance structure establishing the partnership among the four Grand Slam tournaments.

2. They are open for entry to all internationally ranked tennis players above the age of 14.

3. There is a limitation on the number of 'Wild Cards' a player may receive to compete in a Grand Slam Tournament.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 only

(d) 1, 2 and 3

73. Which one of the following pairs of semiconductor plants in India and their locations is ***not*** correctly matched ?

(a) CG Power and Industrial Solutions Pvt. Ltd. in partnership with Renesas Electronics and STARS Microelectronics : Gujarat

(b) Tata Semiconductor Assembly and Test Pvt. Ltd. : Assam

(c) HCL-Foxconn Joint Venture India Chip Ltd. : Madhya Pradesh

(d) SicSem Pvt. Ltd. : Odisha

74. भारत के स्वदेशी नवीन उच्च रिज़ोल्यूशन मौसम मॉडल 'भारत पूर्वानुमान प्रणाली' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इसका उद्देश्य पंचायत समूह के स्तर पर पूर्वानुमान सृजित करना है।
2. इसे आईआईटी (IIT) दिल्ली द्वारा विकसित किया गया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

75. फ़िल्म 'बूंग' ('Boong') के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. हाल ही में, इस फ़िल्म ने बाल एवं पारिवारिक फ़िल्म श्रेणी में ब्रिटिश एकेडमी ऑफ़ फ़िल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (BAFTA) पुरस्कार जीता।
2. इस फ़िल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।
3. बाल एवं पारिवारिक फ़िल्म श्रेणी में BAFTA पुरस्कार जीतने वाली यह पहली भारतीय फ़िल्म है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 3

76. ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी (blockchain technology) की विशेषताओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. डेटाबेस में भंडारित अभिलेख, परिवर्तन के जोखिम के बिना, संबंधित हितधारकों को दृष्टिगोचर करवाए जा सकते हैं।
2. संपूर्ण डेटाबेस की प्रतियों को बहुत सारे कंप्यूटरों के एक नेटवर्क पर भंडारित किया जाता है, जिनका तुल्यकालन (सिंक) सेकंडों के भीतर होता है।
3. कंसोर्टियम ब्लॉकचेन (consortium blockchain) सार्वजनिक और निजी ब्लॉकचेनों का मिश्रण है, जो चयनित डेटा पहुँच की अनुमति देता है।
4. गणितीय ऐल्गोरिथ्म एक बार अभिलिखित किए गए और स्वीकार किए जा चुके किसी भी डेटा के परिवर्तन या विलोपन को असंभव बना देते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) 1, 2 और 4
(d) केवल 1 और 4

77. एक ई-वाणिज्य रेवेन्यू मॉडल, जहाँ विक्रेता के पास कीमत निर्धारण पर नियंत्रण तो है, किंतु विक्रेता उत्पादों का स्टॉक (stock) नहीं रखता है और इसके बदले किसी अन्य-पक्षकार आपूर्तिकर्ता (third-party supplier) को ग्राहक के ऑर्डर और लदान (shipment) संबंधी विवरण भेजता है, जो आगे सीधे ग्राहक को सामान भेज देता है; इस मॉडल को क्या कहा जाता है ?

(a) ड्रॉपशिपिंग मॉडल
(b) एफिलिएट रेवेन्यू मॉडल
(c) ट्रांजैक्शन फी रेवेन्यू मॉडल
(d) एजेंसी रेवेन्यू मॉडल

78. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के वित्तीय समावेशन सूचकांक (FI-Index) के तीन मुख्य उप-सूचकांकों को सटीक रूप से दर्शाता है ?

(a) क्रेडिट पहुँच, बीमा गहनता, और पेंशन व्याप्ति
(b) बैंकिंग पहुँच, GDP अंशदान, और वित्तीय साक्षरता
(c) पहुँच, उपयोग, और गुणवत्ता
(d) पहुँच, वहनीयता (Affordability), और पारदर्शिता

74. Which of the following statements with regard to India's indigenous new high resolution weather model, the 'Bharat Forecast System,' is/are correct ?

1. Its objective is to generate forecasts at the Panchayats cluster level.
2. It was developed by IIT Delhi.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

75. Consider the following statements with regard to the film 'Boong' :

1. The film has recently won the British Academy of Film and Television Arts (BAFTA) Award in the Children's and Family Film category.
2. The film is directed by Lakshmipriya Devi.
3. This is the first Indian film to win a BAFTA award in the Children's and Family Film category.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 3 only

76. Which of the following statements regarding the features of blockchain technology are correct ?

1. Records stored in the database may be made visible to relevant stakeholders without risk of alteration.
2. Copies of the entire database are stored on multiple computers on a network, syncing within seconds.
3. Consortium blockchain is a blend of public and private blockchains allowing selective data access.
4. Mathematical algorithms make it impossible to change or delete any data once recorded and accepted.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 3
(b) 2 and 4 only
(c) 1, 2 and 4
(d) 1 and 4 only

77. An e-commerce revenue model where the seller has control over pricing but doesn't keep products in stock and instead transfers customer orders and shipment details to a third-party supplier, who then ships the goods directly to the customer, is called :

(a) Dropshipping Model
(b) Affiliate Revenue Model
(c) Transaction Fee Revenue Model
(d) Agency Revenue Model

78. Which one of the following correctly represents the three key sub-indices of the Financial Inclusion Index (FI-Index) of the Reserve Bank of India (RBI) ?

(a) Credit access, Insurance depth, and Pension coverage
(b) Banking access, GDP contribution, and Financial literacy
(c) Access, Usage, and Quality
(d) Access, Affordability, and Transparency

79. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के 'डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क' (ONDC) पहल के मूल उद्देश्य का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है ?

(a) सभी डिजिटल वाणिज्य (कॉमर्स) लेनदेनों पर सरकारी नियंत्रण की अनुमति देना

(b) निजी ई-कॉमर्स व्यापारियों (प्लेयर्स) को प्रतिस्थापित करना

(c) सभी नेटवर्कों के बीच अंतर-संचालनीयता को समर्थ बनाकर बड़े ई-वाणिज्य प्लेटफॉर्मों के प्रभुत्व को समाप्त करना

(d) सभी ऑनलाइन लेनदेनों के लिए UPI-आधारित भुगतानों को अनिवार्य करना

80. एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (UPI) और केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (डिजिटल रुपया) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) UPI एक तत्काल (real-time) भुगतान प्रणाली है, किंतु डिजिटल रुपया राष्ट्रिक (सॉवरेन) कागज़ी मुद्रा के सदृश्य है।

(b) UPI के मामले में, धन को जैसे ही नामे डाला (debited) जाता है या जमा (credited) किया जाता है, अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए निपटान तत्काल हो जाता है, किंतु डिजिटल रुपया के मामले में, निपटान नहीं हो पाता है क्योंकि वॉलेट शेष का अन्य वॉलेट में अंतरण हो जाता है।

(c) UPI लेनदेनों को बैंकों द्वारा अभिलिखित (रिकॉर्ड) किया जाता है और उन्हें बैंक विवरणों में दर्शाया जाता है, किंतु डिजिटल रुपया के मामले में, बैंक विवरणों में कोई डेटा दर्ज नहीं किया जाता है, क्योंकि लेनदेन एक वॉलेट से दूसरे वॉलेट में होते हैं।

(d) दोनों मामलों (UPI और डिजिटल रुपया) में, उपयोगकर्ताओं और उनके संबंधित बैंकों पर देयता होती है।

81. रियल-वर्ल्ड एसेट्स (RWA) टोकनाइज़ेशन के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. टोकनाइज़ेशन एक प्रक्रिया है जिसमें ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए रियल वर्ल्ड एसेट्स को डिजिटल टोकन में बदला जाता है।
2. रियल वर्ल्ड एसेट्स का टोकनाइज़ेशन, 24 × 7 पहुँच प्रदान करता है, जिससे वित्तीय समावेशन का संवर्धन होता है।
3. रियल वर्ल्ड एसेट्स का टोकनाइज़ेशन, भारत में लोगों को उच्च संवृद्धि निवेश के अवसरों तक पहुँच प्रदान करेगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 1 और 3

82. एक बॉन्ड जिसके आगम (proceeds) का उपयोग केवल पर्यावरणीय और सामाजिक परियोजनाओं दोनों के एक संयोजन के वित्तपोषण अथवा पुनर्वित्तपोषण के लिए किया जाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(a) हरित (ग्रीन) बॉन्ड

(b) सामाजिक (सोशल) बॉन्ड

(c) संधारणीयता (सस्टेनेबिलिटी) बॉन्ड

(d) राष्ट्रिक (सॉवरेन) बॉन्ड

83. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के वित्तपोषण में एम 1 एक्सचेंज (M1xchange) की भूमिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. M1xchange सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को संपार्श्विक आधारित ऋण (collateral based loans) उपलब्ध करता है।
2. M1xchange सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिए इनवाइसों (invoices) और विनिमय पत्रों (Bills of exchange) के बट्टा काटने (discounting) को सुकर बनाता है।
3. M1xchange सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिए एक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1

84. निम्नलिखित में से कौन-सा, राजकोषीय नीति के संदर्भ में 'निजी निवेश के बहिर्गमन का प्रभाव' ('Crowding Out Effect') का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

(a) एक ऐसी स्थिति जहाँ सरकारी व्यय बढ़ने के कारण निजी निवेश बढ़ जाता है

(b) एक ऐसी स्थिति जहाँ सरकारी उधार के परिणामस्वरूप ब्याज दरें उच्च हो जाती हैं, जिससे निजी निवेश घट जाता है

(c) एक ऐसी स्थिति जहाँ करों में वृद्धि होने के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र निवेश बढ़ जाता है

(d) एक ऐसी स्थिति जहाँ सरकार द्वारा किए गए व्यय का समग्र माँग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है

79. Which one of the following best describes the key objective of India's 'Open Network for Digital Commerce' (ONDC) initiative ?

(a) To allow government control over all digital commerce transactions

(b) To replace private e-commerce players

(c) To break the dominance of large e-commerce platforms by enabling interoperability across networks

(d) To mandate UPI-based payments for all online transactions

80. Which one of the following statements about Unified Payments Interface (UPI) and Central Bank Digital Currency (Digital Rupee) is ***not*** correct ?

(a) UPI is a real-time payment system but Digital Rupee is akin to sovereign paper currency.

(b) In case of UPI, settlement for end users happens instantly as the money gets immediately debited or credited but in case of Digital Rupee, there is no settlement as the wallet balance gets transferred to another wallet.

(c) UPI transactions are recorded by banks and reflected in bank statements but in case of Digital Rupee, no data is captured in bank statements as transactions are from one wallet to another.

(d) In both the cases (UPI and Digital Rupee), the liability lies with the users and their respective banks.

81. Which of the following statements about Real-World Assets (RWA) Tokenization are correct ?

1. Tokenization is the process of turning real world assets into digital tokens using blockchain technology.
2. Tokenization of real world assets offers 24 × 7 access, promoting financial inclusion.
3. Tokenization of real world assets will allow the access to high growth investment opportunities for individuals in India.

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1 and 3 only

82. A bond whose proceeds are used only to finance or refinance a combination of both environmental and social projects is called :

(a) Green Bond

(b) Social Bond

(c) Sustainability Bond

(d) Sovereign Bond

83. Which of the following statements about M1xchange's role in Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs) financing is/are correct ?

1. M1xchange provides collateral based loans to MSMEs.
2. M1xchange facilitates discounting of invoices and Bills of Exchange for MSMEs.
3. M1xchange functions as a credit rating agency for MSMEs.

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 only

84. Which one of the following best describes the 'Crowding Out Effect' in the context of fiscal policy ?

(a) A situation where private investment increases due to increased Government spending

(b) A situation where Government borrowing leads to higher interest rates, which reduces private investment

(c) A situation where an increase in taxes leads to increased private sector investment

(d) A situation where Government spending has no impact on aggregate demand

**85.** दुर्लभ मृदा तत्त्वों (REEs) और महत्त्वपूर्ण खनिजों (Critical Minerals) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष अन्वेषण सहित आधुनिक प्रौद्योगिक नवाचारों में दुर्लभ मृदा तत्त्वों (REEs) का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।
2. दुर्लभ मृदा तत्त्वों (REEs) के खनन में चीन की हिस्सेदारी सर्वाधिक है, उसके बाद भारत की हिस्सेदारी है।
3. भारत सरकार ने महत्त्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए एक मज़बूत ढाँचा स्थापित करने हेतु वर्ष 2025 में राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) आरंभ किया।
4. दुर्लभ मृदा तत्त्व 13 धात्विक तत्त्वों का एक समुच्चय हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 3

(c) 1, 3 और 4

(d) 1, 2 और 4

**86.** विमानन क्षेत्र में बीमा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. 'विमानन हल बीमा' (Aviation Hull Insurance) के अंतर्गत भौतिक वायुयान के साथ ही उसके मुख्य भाग (बॉडी), इंजन, और वायुयान पर विद्यमान उपकरण समाविष्ट होते हैं।
2. वर्ष 1999 में, भारत सहित, 130 से अधिक राष्ट्रों द्वारा अंगीकार किए गए मोंट्रियल कन्वेंशन के अधीन, एयरलाइनें प्रत्येक मृतक यात्री के परिवार/नामिति को, उस परिवार के द्वारा दोष सिद्ध करने की आवश्यकता के बिना ही, क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए पूर्णतः उत्तरदायी हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**87.** विविध समूह निधीयन (क्राउडफंडिंग) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. किसी विशिष्ट परियोजना के लिए, किसी वेब-आधारित प्लेटफॉर्म या सोशल नेटवर्किंग साइट के माध्यम से अनेक निवेशकों से निधि (छोटी मात्रा) के लिए अनुरोध करना (solicitation), विविध समूह निधीयन है।
2. लघु एवं मध्यम उद्यम (SMEs) कठोर प्रक्रियाओं से गुज़रे बिना, पूँजी की निम्न लागत पर निधियाँ जुटाने में समर्थ हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**88.** भारत में विभिन्न समितियों के संदर्भ में, निम्नलिखित विवरणों पर विचार कीजिए :

| क्रम सं. | समिति | उद्देश्य | संगठन जिसके अंतर्गत उसे गठित किया गया था |
|---|---|---|---|
| 1. | आर.एन. मल्होत्रा समिति | भारत में बीमा क्षेत्र का व्यापक सुधार करना | भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण |
| 2. | एल.सी. गुप्ता समिति | भारत में व्युत्पन्नी (डेरीवेटिव) व्यापार आरंभ करने के लिए रूपरेखा (रोडमैप) तैयार करना | भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड |
| 3. | उर्जित आर. पटेल समिति | आवासीय क्षेत्र को बैंक ऋण प्रदान करने में सुधार लाने के लिए रूपरेखा (रोडमैप) तैयार करना | भारतीय रिज़र्व बैंक |
| 4. | वाई.एच. मालेगाम समिति | भारत में सूक्ष्म-वित्त क्षेत्र में सुधार लाने के लिए रूपरेखा (रोडमैप) तैयार करना | भारतीय रिज़र्व बैंक |

उपर्युक्त में से किस पंक्ति/किन पंक्तियों में दिए गए सभी विवरण सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 2

(b) 2 और 3

(c) 1, 3 और 4

(d) 2 और 4

85. Which of the following statements about Rare Earth Elements (REEs) and Critical Minerals is/are correct ?

1. Modern technological innovations including Artificial Intelligence, robotics and space exploration extensively utilise Rare Earth Elements (REEs).
2. China has the highest share in mining of REEs followed by India.
3. The Government of India launched the National Critical Mineral Mission (NCMM) in 2025 to establish a robust framework for self-reliance in the critical mineral sector.
4. Rare Earth Elements are a set of 13 metallic elements.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only
(b) 3 only
(c) 1, 3 and 4
(d) 1, 2 and 4

86. Which of the following statements about insurance in aviation sector is/are correct ?

1. 'Aviation Hull Insurance' covers the physical aircraft, including the body, engine, and on-board equipment.
2. Under the Montreal Convention, adopted in 1999 by over 130 countries, including India, airlines are strictly liable to pay compensation to the family/nominee of every deceased passenger without requiring the family to prove fault.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

87. Which of the following statements about Crowdfunding is/are correct ?

1. Crowdfunding is solicitation of funds (small amount) from multiple investors through a web-based platform or social networking site for a specific project.
2. Small and Medium Enterprises (SMEs) are able to raise funds at lower cost of capital without undergoing rigorous procedures.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

88. With reference to different Committees in India, consider the following details :

| Sl. No. | Committee | Objective | Organization under which it was formed |
|---|---|---|---|
| 1. | R.N. Malhotra Committee | Comprehensive reforms of Insurance sector in India | Insurance Regulatory and Development Authority of India |
| 2. | L.C. Gupta Committee | Preparing a roadmap for the introduction of derivatives trading in India | Securities and Exchange Board of India |
| 3. | Urjit R. Patel Committee | Preparing a roadmap for reforming bank lending to the Housing sector | Reserve Bank of India |
| 4. | Y.H. Malegam Committee | Preparing a roadmap for reforms in Microfinance sector in India | Reserve Bank of India |

In which of the above rows are all the details correctly matched ?

(a) 2 only
(b) 2 and 3
(c) 1, 3 and 4
(d) 2 and 4

89. भारत में ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ (NBFCs) माँग जमा (demand deposits) स्वीकार नहीं कर सकती हैं।
2. भारत में संचालित सभी ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) को भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) में पंजीकृत होना चाहिए।
3. ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ (NBFCs) भुगतान और निपटान प्रणाली का भाग हैं और वे स्वयं के नाम आहरित चेक जारी कर सकती हैं।
4. जमा लेने वाली ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) के जमाकर्ताओं के लिए निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (DICGC) की जमा बीमा सुविधा (deposit insurance facility) उपलब्ध नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1 और 4
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 4
(d) 2, 3 और 4

90. बहुआयामी ग़रीबी सूचकांक (MPI) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. MPI का परिकलन अलकिरे-फोस्टर पद्धति (Alkire-Foster Methodology) से किया जाता है।
2. नीति (NITI) आयोग द्वारा परिकलन किए जाने वाले MPI के कुल बारह संकेतक हैं।
3. नीति (NITI) आयोग के MPI और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के MPI में मातृ स्वास्थ्य और बैंक खाता उभयनिष्ठ संकेतक (common indicators) हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2

91. आनुवंशिक चिकित्सा (जेनेटिक मेडिसिन) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. आनुवंशिक चिकित्सा, रोग के लिए उत्तरदायी ख़राब जीन को सही करती है/की कमी को पूरा करती है।
2. निर्मित विषाणुओं (engineered viruses) और लिपिड नैनोकणों का प्रयोग आनुवंशिक चिकित्सा के वाहक के रूप में किया जाता है।
3. आनुवंशिक चिकित्सा संपूर्ण डीएनए (DNA) अनुक्रम को बदल देती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

92. यंत्र अधिगम (मशीन लर्निंग) में प्रयुक्त लार्ज लैंग्वेज मॉडलों (LLMs) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. LLMs निकटस्थ संभावित शब्दों के लिए प्रायिकताएँ निर्दिष्ट करते हैं और तत्पश्चात सर्वोच्च प्रायिकता वाले शब्द को चुनते हैं।
2. LLMs पूर्वानुमान संबंधी त्रुटियों को न्यूनतम करने के लिए गणितीय इष्टतमीकरण के माध्यम से डेटा का संसाधन (process) करते हैं।
3. LLMs निष्पक्ष निर्गम (unbiased outputs) उत्पन्न करते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

89\. Consider the following statements about the Non-Banking Financial Companies (NBFCs) in India :

1. NBFCs cannot accept demand deposits.
2. All the NBFCs operating in India have to be registered with the RBI.
3. NBFCs form part of the payment and settlement system and can issue cheque drawn on itself.
4. Deposit insurance facility of Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation (DICGC) is not available to the depositors of deposit taking NBFCs.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 4

(b) 1, 2 and 3

(c) 4 only

(d) 2, 3 and 4

90\. Consider the following statements about Multidimensional Poverty Index (MPI) :

1. MPI is calculated using Alkire-Foster methodology.
2. MPI calculated by NITI Aayog has a total of twelve indicators.
3. Maternal Health and Bank Account are common indicators in the MPI of NITI Aayog and MPI of United Nations Development Programme (UNDP).

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1 and 3 only

(d) 2 only

91\. Which of the following statements with regard to genetic medicine is/are correct ?

1. Genetic medicines correct/compensate for the faulty genes responsible for disease.
2. Engineered viruses and lipid nanoparticles are used as carriers of the genetic medicine.
3. Genetic medicines alter the entire DNA sequence.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

92\. Which of the following statements with regard to Large Language Models (LLMs) used in machine learning is/are correct ?

1. LLMs assign probabilities to the next possible words and then pick the one with the highest probability.
2. LLMs process data through mathematical optimization to minimise prediction errors.
3. LLMs produce unbiased outputs.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

93. स्टेल्थ (stealth) प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. स्टेल्थ वस्तुओं (objects) में अति-लघु रेडार अनुप्रस्थ-परिच्छेद (क्रॉस-सेक्शन) होता है और उन्हें रेडार अवशोषक पदार्थ से विलेपित किया जाता है।
2. विशिष्ट आवृत्तियों का प्रयोग करके स्टेल्थ वस्तुओं (objects) का पता लगाया जा सकता है।
3. स्टेल्थ वस्तुओं (objects) को मेटा-पदार्थों (metamaterials) से विलेपित किया जाता है ताकि विद्युत्-चुम्बकीय विकिरण के प्रकीर्णन में वृद्धि की जा सके।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

94. आधुनिक विमानों में प्रयुक्त होने वाले ब्लैक बॉक्सों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. उनमें लाल प्रकाश स्पंद उत्सर्जित करने वाला एक बीकन होता है ताकि उनकी अंतर्जलीय खोज को सुकर बनाया जा सके।
2. वे कॉकपिट वॉइस और फ्लाइट डेटा, दोनों को रिकॉर्ड करते हैं।
3. उनके मेमोरी यूनिटों के निर्माण में या तो जंगरोधी इस्पात (स्टेनलेस स्टील) या टाइटेनियम का उपयोग किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

95. हरित (ग्रीन) हाइड्रोजन के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह विकार्बनीकृत (decarbonized) हाइड्रोजन है जो प्राकृतिक गैस के पुनरुत्पादन द्वारा प्राप्त होती है जिसमें कार्बन अभिग्रहण और संचयन (CCS) भी सम्मिलित है।
2. नवीकरणीय ऊर्जा से जनित विद्युत का उपयोग करके जल के विद्युत-अपघटन द्वारा इसका उत्पादन किया जाता है।
3. भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य, वर्ष 2030 तक वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 50 MMT की कमी लाना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2
(d) 1, 2 और 3

96. भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में निजी संस्थाओं की भागीदारी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) एक स्वायत्त अभिकरण है जिसकी स्थापना निजी संस्थाओं की भागीदारी को सुकर बनाने के लिए की गई है।
2. अग्निकुल कॉसमॉस ने विश्व में पहली बार 3D-प्रिंटेड रॉकेट इंजन का उपयोग करके उड़ान (फ्लाइट) का प्रक्षेपण किया।
3. स्काईरूट एयरोस्पेस ने GSLV के लिए तरल ईंधन (Liquid fuel) विकसित किया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

93. Which of the following statements with regard to stealth technology is/are correct ?

1. Stealth objects have a very small radar cross-section and are coated with Radar Absorbing Material.
2. Stealth objects can be detected using specific frequencies.
3. Stealth objects are coated with metamaterials to increase the scattering of electromagnetic radiation.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

94. Which of the following statements with regard to Black Boxes used in modern aircrafts is/are correct ?

1. They carry a beacon emitting red light pulses to facilitate underwater detection.
2. They record both the cockpit voice and flight data.
3. Their memory units are made using either stainless steel or titanium.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

95. Which of the following statements with regard to Green Hydrogen is/are correct ?

1. It is decarbonized hydrogen obtained from natural gas reforming combined with carbon capture and storage (CCS).
2. It is produced using electrolysis of water with electricity generated by renewable energy.
3. National Green Hydrogen Mission of India aims for abatement of nearly 50 MMT of annual greenhouse gas emissions by 2030.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 2 only
(d) 1, 2 and 3

96. Consider the following statements with regard to involvement of private entities in India's space programme :

1. The Indian National Space Promotion and Authorisation Centre (IN-SPACe) is an autonomous agency formed to facilitate participation of private entities.
2. Agnikul Cosmos launched the world's first flight using 3D-printed rocket engine.
3. Skyroot Aerospace has developed liquid fuel for GSLV.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

97. ड्रोन झुंडों (स्वार्म्स) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. वे कमांड केंद्र के साथ संचार के लिए टेराहर्ट्ज़ बैंड आवृत्ति का प्रयोग करते हैं।
2. झुंड (स्वार्म) में सम्मिलित कोई ड्रोन, झुंड के अन्य ड्रोनों के साथ संचार कर सकता है।
3. ड्रोन झुंड के हमले को रोकने के लिए जीपीएस स्पूफिंग (GPS Spoofing) सामान्यतः प्रयोग में लाई जाने वाली तकनीक है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

98. जीनोमइंडिया परियोजना के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह मानव जीनोम परियोजना का एक भाग है।
2. यह परियोजना भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) के द्वारा वित्तपोषित है।
3. इसका मुख्य लक्ष्य भारतीय जनसंख्या की आनुवंशिक विविधता की सूची तैयार करना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

99. राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इसका उद्देश्य 50 – 1000 भौतिक क्यूबिट की क्षमता वाले मध्यवर्ती-स्तर के क्वांटम कंप्यूटर विकसित करना है।
2. इसके कार्यान्वयन के अंतर्गत संपूर्ण भारत के शैक्षणिक और राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संस्थानों (R&D institutes) में चार विषयगत (थीमेटिक) केंद्रों (T-Hubs) की स्थापना करना सम्मिलित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

100. भारत के डीप ओशन मिशन के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इसे भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा आरंभ किया गया था।
2. गहरे समुद्री खोज हेतु 3 लोगों को ले जाने के लिए मत्स्य-6000 को डिज़ाइन किया गया है।
3. इस मिशन के अंतर्गत समुद्रयान एक परियोजना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

GEO IAS it's about quality

97. Which of the following statements with regard to drone swarms is/are correct ?

1. They use Terahertz band of frequency to communicate with the command centre.
2. Individual drones in the swarm can communicate with other drones in the swarm.
3. GPS Spoofing is a commonly used technique to counter drone swarm attack.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

98. Which of the following statements with regard to GenomeIndia Project is/are correct ?

1. It is a part of the Human Genome Project.
2. The project is funded by the Department of Biotechnology (DBT), Government of India.
3. Its primary aim is to build a catalogue of genetic diversity of the Indian population.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

99. Which of the following statements with regard to the National Quantum Mission (NQM) is/are correct ?

1. It aims at developing intermediate-scale quantum computers with 50 – 1000 physical qubits.
2. Its implementation includes setting up of four Thematic Hubs (T-Hubs) in academic and national R&D institutes across India.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

100. Which of the following statements with regard to India's Deep Ocean Mission is/are correct ?

1. It was launched by the Ministry of Ports, Shipping and Waterways, Government of India.
2. Matsya-6000 has been designed to carry 3 people for deep sea exploration.
3. Samudrayaan is a project under this mission.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

**T.B.C. : TDMN-A-ASO**

Test Booklet Series

**B**

1454278

# TEST BOOKLET

# GENERAL STUDIES

## PAPER – I

*Time Allowed : Two Hours*

*Maximum Marks : 200*

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES *NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take this Test Booklet with you.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN ALL THE QUESTIONS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर छपा है ।